

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 186 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 20 अप्रेल 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 08 मूल्य 02 रुपया


## सीधे चीफ जस्टिस पर निशाना, कांग्रेस बोली- ये संविधान पर प्रहार है

# 'सुप्रीम कोर्ट धर्मयुद्ध करा रहा है', धनखड़ की चेतावनी के बाद दुबे का हमला

**सुप्रीम कोर्ट को लेकर सत्ता पक्ष की ओर से जिस तरह के बयान आ रहे हैं, यह साफ है कि टकराव का एक नया दौर शुरू हो चुका है.**

नई दिल्लीः बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को एक ऐसा बयान दिया, जिसने सत्ता और न्यायपालिका के बीच टकराव की आंच और भड़का दी. उन्होंने सीधे सुप्रीम कोर्ट को निशाने पर लिया और कहा, 'अगर कानून सुप्रीम कोर्ट को ही बनाना है, तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए.' दुबे यहीं नहीं रुके. उन्होंने चीफ जस्टिस संजीव खन्ना पर भी हमला बोला और कहा कि 'देश में जो भी सिविल वॉर हो रहे हैं, उसके जिम्मेदार संजीव खन्ना हैं.' इस बयान के तुरंत बाद कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने दुबे की आलोचना शुरू कर दी. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि बीजेपी जानबूझकर संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रही है. 'सुप्रीम कोर्ट को कमजोर करना, ईडी का गलत इस्तेमाल और धार्मिक ध्रुवीकरण – ये सब जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने की साजिश है.'

इन दिनों सुप्रीम कोर्ट वक्फ एक्ट से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है. दुबे का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट खुद को 'सुपर पार्लियामेंट' समझने लगा है. उन्होंने ये भी कहा कि अगर हर काम के लिए



कोर्ट ही फैसला करेगा, तो संसद और विधानसभाओं को ताले लगा देने चाहिए.

### 'सुप्रीम कोर्ट कैसे नया कानून बना सकता है?'

बीजेपी सांसद ने सुप्रीम कोर्ट पर यह आरोप भी लगाया कि वह धार्मिक विवादों को बढ़ावा दे रहा है. आर्टिकल 377 का हवाला देते हुए दुबे बोले, 'एक वक्त था जब समलैंगिकता अपराध मानी जाती थी. हर धर्म इसे गलत मानता है. लेकिन एक सुबह सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून को खत्म कर दिया.'

उन्होंने कहा कि संविधान के आर्टिकल 141 के तहत सुप्रीम कोर्ट के फैसले देश की हर अदालत पर लागू होते हैं, लेकिन आर्टिकल 368 ये स्पष्ट करता है कि कानून बनाने का अधिकार सिर्फ संसद को है. दुबे ने सवाल उठाया, 'तो फिर सुप्रीम कोर्ट कैसे नया कानून बना सकता है? कैसे राष्ट्रपति को समयसीमा में निर्णय लेने का निर्देश दे सकता है?'.

### न्यायपालिका और विधायिका में टकराव

***वक्फ एक्ट की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने भी माना कि वह इसकी कुछ धाराओं को लागू नहीं करेगी, जब तक कोर्ट अगली सुनवाई ना कर ले. यानी सरकार भी कोर्ट की बातों को गंभीरता से ले रही है. यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि भारत के लोकतंत्र में आज एक नया टकराव जन्म ले चुका है. बात सिर्फ एक संस्थान बनाम दूसरे की नहीं है. यह टकराव उस भरोसे पर चोट कर रहा है, जो जनता ने संविधान पर रखा है. अगर संसद और सुप्रीम कोर्ट आमने-सामने हो जाएं, तो लोकतंत्र की नींव हिलने लगती है.***

### उपराष्ट्रपति के बयान बाद आया दुबे का बयान

इस विवाद की टाइमिंग भी अहम है. हाल ही में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी पर ऐतराज जताया था जिसमें कोर्ट ने राष्ट्रपति से कहा था कि उन्हें बिल पर तीन महीने में निर्णय लेना चाहिए. धनखड़ ने कहा, 'राष्ट्रपति को निर्देश देना? ये कैसी लोकतंत्र की कल्पना है?' उन्होंने यह भी कहा कि 'अगर जज ही कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम करेंगे और संसद से ऊपर खुद को समझेंगे, तो ये लोकतंत्र नहीं, अराजकता होगी.'

दूसरी ओर, कांग्रेस ने दुबे के बयान को 'मानहानिकारक' बताया है. मणिकम टैगोर ने कहा, 'दुबे का बयान सुप्रीम कोर्ट का अपमान है. वो हर संवैधानिक संस्था को कमजोर करते हैं. ये बयान संसद से बाहर दिया गया है, इसलिए कोर्ट को खुद इसका संज्ञान लेना चाहिए.' कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा, 'ये बयान दुर्भाग्यपूर्ण है. ऐसा पहली बार नहीं हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के खिलाफ फैसला दिया हो. लेकिन सत्ता पक्ष की ये झुंझलाहट समझ से परे है.'

सवाल यह है कि जब सुप्रीम कोर्ट कोई संवैधानिक टिप्पणी करता है, तो उसे चुनौती देना जनतंत्र का हिस्सा है या उसका अपमान? और क्या संसद व कार्यपालिका को कानून और संविधान के दायरे से ऊपर माना जा सकता है?

## ईस्टर की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,19 अप्रैल : राष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को बताया कि महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने ईस्टर की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है, "ईस्टर के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर भारत और विदेशों में रहने वाले ईसाई समुदाय के सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ।

प्रभु ईसा मसीह के पुनर्जीवन की याद में मनाया जाने वाला ईस्टर का पवित्र त्योहार हमें निस्वार्थ प्रेम और सेवा का संदेश देता है। ईसा मसीह के बलिदान से हमें



त्याग और क्षमा की सीख मिलती है। उनके जीवन से मानवता को सत्य, न्याय और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। आइए, इस उल्लासपूर्ण अवसर पर हम उनके जीवन-मूल्यों का अनुसरण करें, जिससे समाज में शांति और समृद्धि का संचार होता रहे।

## धानमंत्री कल लोक सेवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को करेंगे संबोधित

*प्रधानमंत्री लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान करेंगे*

**समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख**

जैतो,19 अप्रैल :: प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17वें लोक सेवा दिवस के अवसर पर 21 अप्रैल को प्रातः लगभग 11 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। वे लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने सदैव देश भर के लोक सेवकों को नागरिकों के हित में समर्पित होने, जन सेवा के लिए प्रतिबद्ध होने और अपने



काम में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस वर्ष प्रधानमंत्री लोक सेवकों को जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में 16 पुरस्कार प्रदान करेंगे। उनको इसके माध्यम से आम नागरिकों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## पंजाब की छात्रा हरसिमरत की कनाडा में गोली लगने से मौत

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,19 अप्रैल (रघुनंदन पराशर) :कनाडा में एक बहुत दुखद घटना सामने आई है। जहां, 21 साल की एक भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा खंडूर साहिब के गांव धूंदा की गोली लगने से मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब वह एक बस स्टॉप पर खड़ी होकर बस का इंतजार कर रही थी। वह अपने काम पर जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान दो कार सवार लोगों के बीच झगड़ा हुआ और दोनों ने एक-दूसरे पर



गोलियां चलाईं। सूत्रों के अनुसार ने दो कार सवार लोगों के बीच झगड़ा हुआ और दोनों ने एक-दूसरे पर गोलियां चलाईं। उसी समय हरसिमरत बस स्टॉप पर खड़ी थी और गलती से उसी गोलीबारी की चपेट में आ गई। वह इस मामले में पूरी तरह बेगुनाह थी।

# यूपीआई ट्रांजक्शन पर नही लगेगी जीएसटी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर एक अफवाह तेजी से फैल रही थी कि यूपीआई के जरिए अगर 2,000 रुपये से अधिक का भुगतान किया जाता है तो उस पर जीएसटी लागू किया जाएगा। इस खबर ने आम लोगों के बीच भ्रम और चिंता पैदा कर दी थी। लेकिन अब वित्त मंत्रालय ने इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए इसे पूरी तरह से झूठ और आधारहीन बताया है। मंत्रालय की ओर से एक बयान जारी किया गया जिसमें कहा गया कि सरकार का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है कि 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाया जाएगा। मंत्रालय ने इसे एक भ्रामक और झूठा दावा बताया और लोगों से अफवाहों पर ध्यान



न देने की सलाह दी। वर्तमान में यूपीआई लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर लागू नहीं है। जनवरी 2020 से ही केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने पी2एम यानी व्यक्ति से व्यापारी को किए जाने वाले लेनदेन पर एमडीआर समाप्त कर दिया था। चूंकि एमडीआर नहीं है, इसलिए इन पर कोई जीएसटी भी लागू नहीं होता। यानी यूपीआई से पेमेंट करने पर आपको कोई अतिरिक्त टैक्स नहीं देना पड़ता। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य देश में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना है। यूपीआई के जरिए लेनदेन में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। वित्त वर्ष 2019-20 में यूपीआई लेनदेन की कुल राशि 21.3 लाख करोड़ रुपये थी, जो मार्च 2025 तक बढ़कर 260.56 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। इसमें पी2एम लेनदेन की भागीदारी 59.3 लाख करोड़ रुपये तक हो गई है। यूपीआई के माध्यम से व्यापारी लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने वर्ष 2021-22 से प्रोत्साहन योजना लागू की है। इस योजना के तहत क्रमशः 1,389 करोड़, 2,210 करोड़ और 3,631 करोड़ रुपये विभिन्न वर्षों में आवंटित किए गए हैं। इसका उद्देश्य व्यापारियों को डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करना है। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी 1 जुलाई 2017 को देशभर में लागू हुआ था। यह एक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है जिसमें केंद्र और राज्य के कई करों को मिलाकर एक समान टैक्स सिस्टम तैयार किया गया। इसका उद्देश्य कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाना है। जीएसटी चार टैक्स स्लैब्स में विभाजित है झ 5%, 12%, 18% और 28%। साथ ही, कुछ वस्तुएं 0% टैक्स के दायरे में आती हैं। सरकार की स्पष्ट घोषणा के बाद यह साफ हो गया है कि फिलहाल यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। लोगों से अपील की गई है कि सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें।

## भाजपा डॉ.अंबेडकर के अधूरे सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है : स्वतंत्र देव सिंह

**डॉ.अंबेडकर की जयंती पर भाजपा का सम्मान गोष्ठी कार्यक्रम, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रहे मुख्य अतिथि**

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। भारतीय जनता पार्टी, जिला बरेली द्वारा संविधान निमार्ता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सम्मान अभियान जिला गोष्ठी का भव्य आयोजन सिद्धिविनायक कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनुसूचित वर्ग से बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन शामिल हुए। कार्यक्रम का कुशल संचालन भाजपा जिला महामंत्री मेघनाथ सिंह कठेरिया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि डॉ.



अंबेडकर केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक संकल्प और मिशन हैं, जिन्होंने सामाजिक समानता और मानवाधिकारों के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन प्रेरणास्त्रोत है, और भाजपा उनके अधूरे सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस घोषित कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी है। साथ ही महू, नागपुर, दिल्ली, लंदन और मुंबई में स्थित ह्यपंच तीर्थह्न का विकास करके उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया है। डॉ. अंबेडकर की शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो की प्रेरणा आज भी युवाओं का मार्गदर्शन करती है।

प्रदेश मंत्री डी.पी. भारती ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो डॉ. अंबेडकर को केवल स्मरण ही नहीं करती, बल्कि उनके विचारों को नीतियों में उतारती है। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि उन्होंने केवल राजनीतिक लाभ के लिए बाबा साहब का नाम लिया, लेकिन उनके विचारों को दरकिनार किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश मंत्री डी पी भारती, जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, विधायक डॉ डीसी वर्मा, विधायक डॉ एमपी आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रशांत पटेल, पवन शर्मा, राज कुमार शर्मा, अजय सक्सेना, वीरपाल मौर्य, बुद्धसेन मौर्य, योगेश पटेल, भूपेंद्र कुर्मी, सतेंद्र यादव, कैलाश शर्मा, अंकित माहेश्वरी (मीडिया प्रभारी), चंचल गंगवार, राहुल राठी, नीरेंद्र सिंह राठौर, डॉ मनोज गुप्ता, नेहा कन्नौजिया समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'नीतीश नहीं तो कोई नहीं', क्या बिहार में फिर से 'दुलरुआ' के सामने होंगे PM मोदी के 'हनुमान'?

पटना. क्या बिहार चुनाव 2025 में 'दुलरुआ' वर्सेज 'हनुमान' में फिर से जंग देखने को मिलगा? बिहार की राजनीति में पिछले कुछ दिनों से हलचल अचानक से बढ़ गई है. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर सियासत पहले से ही तेज थी, लेकिन अब केंद्रीय मंत्री और एलजेपी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान की भी मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा ने माहौल को गर्मा दिया है. पीएम मोदी के 'हनुमान' ने सर्वे रिपोर्ट के उत्साह



में आकर बड़ी बात कह दी है, जिससे पीएम मोदी के 'दुलरुआ' यानी नीतीश कुमार को मिर्ची लग सकती है. दूसरी ओर नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार का दावा है कि उनके पिता ही एनडीए के मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे. 'नीतीश नहीं तो कोई नहीं' वाला बयान एनडीए में तूफान मचा सकता है. चिराग पासवान की एंट्री ने इसमें और नया ट्विस्ट दे दिया है.

## मुर्शिदाबाद हिंसा के शिकार हिंदुओं की चीखें सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचीं, 21 अप्रैल को सुनवाई

**समाज जागरण**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस दंगा पीड़ितों से मिलने मुर्शिदाबाद पहुंच चुके हैं. बंगाल में हिंसा के बीच राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई है. भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल में के ताजा माहौल पर सेना डिप्लॉय करने की मांग की है.

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा अब सुप्रीम कोर्ट की दहलीज पर है. वकील शशांक शेखर झा की ओर से दायर की गई जनहित याचिका पर 21 अप्रैल को सुनवाई होगी. इस मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच करेगी. याचिका में कोर्ट से आग्रह किया गया है कि हिंसा की जांच एक कोर्ट मॉनिटरिंग स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम से कराई जाए. याचिकाकर्ता का कहना है कि राज्य सरकार की नाकामी की वजह से ये हिंसा हुई और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई. ऐसे में कोर्ट को राज्य सरकार से इस पर स्पष्टीकरण मांगना चाहिए.

DM राजर्षि मित्रा ने कहा, 'पुलिस और केंद्रीय बल यहां



हैं... स्थिति शांतिपूर्ण है.' वहीं, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस मुर्शिदाबाद हिंसा के पीड़ितों से मिलने धुलियान पहुंचे हैं. मुर्शिदाबाद से दर्जनों परिवारों का पलायन अब भी जारी है. मुर्शिदाबाद के रानीपुर से 12 लोग, जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी शामिल हैं, अपनी जान बचाकर झारखंड के साहिबगंज जिले के मिजाचौकी थाना क्षेत्र स्थित नया टोला गांव पहुंचे हैं. इन लोगों ने अपने रिश्तेदारों के घरों में शरण ली है. पीड़ितों ने घटनास्थल की भयावह तस्वीर बयान करते हुए बताया कि उपद्रवियों ने घरों और दुकानों को लूटने के बाद आग के हवाले कर दिया.

महिलाओं ने रोते हुए बताया कि उनके घरों में बंधे मवेशी तक लूट लिए गए और उनके साथ मारपीट की गई. एक महिला ने बताया कि वह किसी तरह जान बचाकर पाकुड़ पहुंची और वहां से ट्रेन पकड़कर मिजाचौकी. धुलियान निवासी प्रीति दास ने बताया कि उपद्रवियों ने जानलेवा हमला किया, बम और चाकू से लोगों को मारा, दुकानों में लूटपाट और आगजनी की. उन्होंने बताया कि दीदी की दुकान जला दी गई और उनके घर में भी आग लगा दी गई. प्रीति ने आरोप लगाया कि दंगाइयों का स्पष्ट निशाना हिंदू समुदाय के लोग थे. उन्होंने कहा, 'बच्चों को छत से नीचे फेंका जा रहा था, महिलाओं पर हमला किया जा रहा था.'

विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने मुर्शिदाबाद की घटनाओं के विरोध में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है. संगठन ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की भी मांग की है. दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपना रुख दोहराते हुए दावा किया है कि मुर्शिदाबाद की घटना एक पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा थी.

# महाराष्ट्र को तमिलनाडु मत बनाओ राज !



भाषाई विवाद से दक्षिण अभी तक मुक्त नहीं हुआ है और एक बार फिर महाराष्ट्र भाषाई विवाद में उलझता दिखाई दे रहा है। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के सभी विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा के रूप में पढ़ाये जाने का फैसला किया तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे इस्-के विरोध में आ गए। अब एकनाथ शिंदे गुट ने उन पर निशाना साधा है। जाहिर है कि महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार है सो उसका हिंदी के खिलाफ जाना नामुमकिन है।

भारत में भाषा को लेकर विवाद नया नहीं है। आजादी के 77 साल बाद भी ये विवाद न सिर्फ जिंदा है बल्कि लगातार जारी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में तीन भाषाओं को पढ़ाने का प्रावधान आने के बाद, दक्षिण में केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच हिंदी-तमिल विवाद ने और जोर पकड़ा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने हिंदी को मातृभाषाओं का ह्यहत्याराह्ल तक कह डाला। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार हिंदी थोपकर भाषाई अस्मिता को कमजोर कर रही है। डीएमके नेता कनिमोझी ने भी इस मुद्दे पर कहा कि उनकी आपत्ति हिंदी को थोपे जाने से है, न कि भाषा को लेकर।

सवाल ये है कि क्या किसी एक देश की एक भाषा होना चाहिए या नहीं ? सवाल ये भी है की क्या अहिन्दी भाषी राज्य एक स्वतंत्र राष्ट्र हैं जो वे अपनी मातृभाषा को ही अपनी राजभाषा बनाये रखना चाहते हैं। सवाल ये भी है कि क्या नई शिक्षा नीति में सचमुच हिंदी अहिन्दी भाषियों पर थोपी जा रही है ? हर भाषा- भाषी को अपनी मातृभाषा पर गर्व होता है ,होना भी चाहिए किन्तु क्या केवल क्षेत्रीय भाषाओँ के बूते कोई एक राष्ट्रआगे बढ़ सकता है ? इन सवालों का जबाब खोजने के बजाय दक्षिण के राज्य हिंदी के अंध विरोध में संघर्षरत हैं। हिंदी के विरोध से किसी को क्या नफा-नुक्सान होता है इसके बारे में कोई कुछ नहीं बोलता।

महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले का महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने विरोध किया है। ठाकरे ने एक बयान में कहा है कि मैं स्पष्ट शब्दों में कहता हूं कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना इस अनिवार्यता को बर्दाश्त नहीं करेगी। राज ठाकरे ने इसमें लिखा है 'हम हिंदू हैं, लेकिन हिंदी नहीं! अगर आप महाराष्ट्र को हिंदी के रंग में रंगने की कोशिश करेंगे, तो महाराष्ट्र में संघर्ष होना तय है।' ठाकरे ने लिखा है अगर आप यह सब देखेंगे, तो आपको लगेगा कि सरकार जानबूझकर यह संघर्ष पैदा कर रही है। क्या यह सब आने वाले चुनावों में मराठी और गैर-मराठी के बीच संघर्ष पैदा करने और उसका फायदा उठाने की कोशिश है?

राज ठाकरे महाराष्ट्र के स्टालिन नहीं हैं हालाँकि उनका अपना रूतबा है ,अपनी ताकत है। वे स्टालिन की तर्ज पर हिंदी का विरोध कर महाराष्ट्र का और मराठी भाषा का भला शायद नहीं कर पाएंगे। क्योंकि महाराष्ट्र देश की आर्थिक राजधानी है और वहां पूरा देश ही नहीं बल्कि दुनिया एकाकार होती है। महा-राष्ट्र में रहने वालों को जितनी मराठी की जरूरत है उतनी ही हिंदी की भी। मैं राज ठाकरे का निजी तौर पर प्रशसंक हूँ किन्तु उन्हें मशिवरा देना चाहूंगा कि वे हिंदी का विरोध छोड़ दें। हिंदी न तो मुगलों की भाषा है और न अंग्रेजों की । हिंदी न तमिल के खिलाफ है और न मराठी के खिलाफ। भाषाओं का वजूद उनके इस्तेमाल से बनता-बिगड़ता है। कोई भाषा किसी भाषा का नुक्सान तब तक नहीं कर सकती जब तक की उसके बोलने वाले ऐसा न चाहें।

दुनिया में भारत की तरह बहुत से देश बहु भाषा भाषी हैं। दुनिया के बहु भाषाभाषी देश ऐसे हैं जो बहुभाषाभाषी होते हुए भी एक राष्ट्रीय भाषा के पक्षधर हैं । हमारे पड़ौस चीन में 306 भाषाएँ हैं और हमारे यहां 453 भाषाएँ लेकिन क्या हम भाषाओं की वजह से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बन पाए ? बहरहाल भाषा किसी कोहिंदू,मुसलमान,सिख या ईसाई नहीं बनाती। आप हिंदी बोलकर मराठी होने का गौरव नहीं खो देते। तमिल वाले ऐसा सोचते हैं लेकिन दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा होने के बाद तमिल को कुल 120 मिलियन लोग बोलते हैं जबकि अंग्रेजी को ।268 बिलियन और चीनीदुसरे और हिंदी इस मामले में तीसरे नंबर पर है । हिंदी बोलने वालों की संख्या 637 मिलियन ही है।

राज भाई साहब को समझना चाहिए कि हिंदी सीखकर कोई मुसलमान या ईसाई नहीं हो सकता वो जो है वो ही रहेगा । मराठी है तो मराठी रहेगा ,इसलिए उन्हें अपना हिंदी विरोध छोड़ देना चाहिए। मुझे पता है कि राज ठाकरे की शिवसेना में एक से बढ़कर एक हिंदी भाषी दिग्गज हैं। उन्होंने मराठी भी सीख ली है ,लेकिन किसी के कहने पर नहीं बल्कि अपनी जरूरत के हिसाब से। इसी तरह हिंदी सीखकर किसी की मराठी अस्मिता समाप्त हो जाएगी ,ये धारणा बनाना ही गलत है। राजनीति के लिए भाषा के अलावा और दूसरे तमाम मुद्दे है। भाषायी आधार पर राजनीति करने से न तमिलनाडु की कोई राजनितिक पार्टी आजतक राष्ट्रीय पार्टी बन पायी हौर न महाराष्ट्र की किसी राजनितिक पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल पाया।

राज ठाकरे का तर्क है कि देश के तमाम राष्ट्रों का गठन भाषायी आधार पार किया गया था,सही है लेकिन भाषायी आधार पर राज्य के गठन का ये अर्थ ये तो नह-ींहै कि वे किसी एक भाषा के जरिये सम्पर्क सूत्र में नहीं बन सकते। अतीत में जब मनसे नहीं थी तब भी भाषायी आधार पर गैर मराठियों के साथ आंदोलन भी हुए और गैर मराठियों कोमहारष्ट्र से खदेड़ने की कोशिशें भी। लेकिन क्या महाराष्ट्र गैर मराठियों से रिक्त या मुक्त हो गया ? राज भाई साहब को समझना चाहिए कि वे जिस दौर की दुनिया में है वहां न रंग के आधार पर , न जाति के आधार पार और न भाषा के आधार पर किसी से भेद नहीं किया जा सकता। भाषायी अस्पृश्यता भी उतनी ही खराब है जितनी कि जातीय अस्पृश्यता। इसलिए हिंदी का विरोध करने से फायदा कम नुकसान जयदा होगा।

मुमकिन है कि कल को हिंदी के मुद्दे को लेकर राज ठाकरे की नमस्ते एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ हाथ मिला ले लेकिन इससे न राज्य की सरकार अस्थिर होगी और न उसे ब्लैकमेल किया जा सकेगा। हिंदी के विरोध के किसी भी आंदोलन से महाराष्ट्र का महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था और संस्कृति का नुक्सान होगा। दक्षिण वाले हिंदी का विरोध कर अपने सूबे की सियासत में तो टिके हैं लेकिन वे राष्ट्रीय राजनीति का हिस्सा नहीं बन पाए हैं। हम चाहते हैं कि राज ठाकरे जैसे प्रतिभाशाली युवा राष्ट्रिय राजनीति का हिस्सा बनें ,किन्तु इसके लिए राज ठाकरे को अपनी भाषायी प्रतिबद्धता का त्याग करना पड़ेगा। क्योंकि हिंदी के साथ खड़े होने का अर्थ मराठी या मराठियों का विरोध या उनके हितों का अतिक्रमण नहीं है।

**@राकेश अचल**

# छात्रों का मोहभंग सिरमौर है...!

आज ट्रंप काल में उखाड़-पछाड़ का दौर हैं,
विदेश जा रहें छात्रों का मोहभंग सिरमौर है।
यह खबर तो जबरदस्त ही चौंकाने वाली है,
छात्रों की संख्या 25% कमी बतानेवाली हैं।
जाके परदेस पढ़ाई का जुनून था उफान पर,
अब कोई चमत्कार हुआ अभी अवसान पर।

आज ट्रंप काल में उखाड़-पछाड़ का दौर हैं,
विदेश जा रहें छात्रों का मोहभंग सिरमौर है।
अब ना बिकेगा खेत, ना रखेगा घर गिरवी,
इस देश का बच्चा देश में ही रहेगा फिर भी।
हर साल माँ-बाप के खून-पसीने की कमाई,
अपना पेट काटके बच्चों को करवाते पढ़ाई।

आज ट्रंप काल में उखाड़-पछाड़ का दौर हैं,
विदेश जा रहें छात्रों का मोहभंग सिरमौर है।
देश में बैंकों से एजुकेशन लोन की सुविधा,
छात्रों की विदेश यात्रा थी सुगम ना दुविधा।
लाखों छात्र सुनहरे सपने लिये विदेश गमन,
पेरेंट्स की तरसती थीं आँखे ताकती अमन।
अब सभी एकसाथ ही रह सकेंगे रमेगा मन!

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**


## चलते समय

तुम मुझे पूछते हो 'जाऊँ'?
मैं क्या जवाब दूँ, तुम्हीं कहो!
'जा...' कहते रुकती है जबान
किस मुँह से तुमसे कहूँ 'रहो'!!

सेवा करना था जहाँ मुझे
कुछ भक्ति-भाव दरसाना था।
उन कृपा-कटाक्षों का बदला
बलि होकर जहाँ चुकाना था॥

मैं सदा रूठती ही आई,
प्रिय! तुम्हें न मैंने पहचाना।
वह मान बाण-सा चुभता है,
अब देख तुम्हारा यह जाना॥

# शिक्षा का मूल मंत्र



**वेद प्रकाश**

अक्सर शिक्षण संस्थानों तथा शिक्षा व अध्ययन से जुड़ी कार्यक्रमो में यह पंक्ति भाषनवीरों के द्वारा कही जाती है कि "शिक्षा वह शेरनी का दूध है जिसे जो पिता है वही दहाड़ता है।" लेकिन सही मायने में यह समझने में कठिनाइयां होती है कि आखिर कौन सा शेरनी है जो अमृत जैसे दूध के समान पीने के लिए शिक्षा देती है? आखिर इसे कैसे आदमखोर जैसे शेरनी से ग्रहण किया जा सकता है? आखिर वह शेरनी है क्या? वास्तव में देखा जाए तो यह अपने कर्तव्य पथ पर निर्भीक रूप से अग्रसर रहनेवालों के लिए इसे ग्रहण करना कोई बड़ी बात नही है। लेकिन कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहने का दिखावा करनेवालों के लिए इसे ग्रहण कर पाना बहुत ही कठिन कार्य है।

वास्तव में वह शेरनी ज्ञान है तथा उसकी किरनपुंज ही शिक्षा है। क्योंकि सभी प्रकार की शिक्षा ग्रहण करने के बाद ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। ज्ञान का अर्थ केवल किताबी कीड़ा बनना नही होता बल्कि नैतिक, सामाजिक तथा व्यवहारिक से लेकर सभी प्रकार की शिक्षा ग्रहण करना होता है। जिसके लिए एकांत से लेकर भीड़भाड़ की सफर तय करनी पड़ती है। कभी एकांत में तन्हाईयां परेशान करती है तो कभी भीड़भाड़ की दुनिया मे दंगे फसाद भी होते रहते है। लेकिन किया क्या जाए? समाज भी तो भीड़ भाड़ की एक अंग है। सामाजिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए तो समाज मे रहना ही पड़ता है चाहे अंजाम जो भी हो। इस डगर पर कभी कभी जान जोखिम में भी पड़ जाती है। नैतिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए अच्छे लोगो के साथ सम्पर्क करना पड़ता है। तो अच्छे बुरे की परख के लिए अच्छे के साथ साथ बुरे लोगो के साथ भी रहना पड़ता है ताकि अच्छे बुरे का पहचान बखूबी किया जा सके। लेकिन अच्छे व्यक्ति दोनो के साथ रहते हुए भी अच्छाई को ही ग्रहण करते है। लेकिन व्यवहारिक शिक्षा तो अपने से बड़े तथा सुविचार वाले लोगो से ही प्राप्त होते है। देखा जाए तो शिक्षित होकर ही सभ्य बना जा सकता है।

लेकिन हम बात करते है मूल रूप से शिक्षा की तो यह जानना जरूरी है कि आम तौर पर पढ़ना, लिखना ही शिक्षा समझा जाता है। लोगो द्वारा यह भी कहते सुना जाता है कि पढ़ लिख कर ही शिक्षित बना जा सकता है अर्थात शिक्षा ग्रहण की जा सकती है। लेकिन 'पढ़ना लिखना' ही शिक्षा ग्रहण करने का मूल मंत्र नही है बल्कि इसके साथ 'सीखना' शब्द अति महत्वपूर्ण है। क्योंकि पढ़ना लिखना का सम्बंध स-ांसारिक वस्तुओं जैसे पाठन सामग्रियों कलम, कॉपी, पुस्तक जैसे अन्य वस्तुओं से है लेकिन सीखना शब्द का सम्बंध मानव मस्तिष्क से है। चाहे कोई कितना भी पढ़े लिखे लेकिन बिना सीखे शिक्षित नही हो सकता अर्थात शिक्षा प्राप्त नही कर सकता। कुल मिलाकर देखा जाए तो पाठन सामग्रियां सभी जगहों पर लेकर नही जाया जा सकता या उपलब्ध नही हो सकता लेकिन मानव मस्तिष्क शरीर के साथ ही सभी जगह मौजूद होता है।

लेकिन यह भी कहना अनुचित नही होगा कि शिक्षा ग्रहण करने के लिए पाठन सामग्रियों के साथ साथ सही मार्गदर्शकों की जरूरत होती है। आखिर सीखने के लिए थ्योरी अर्थात सिद्धांत कहां से आएंगे? और उन थ्योरियों की प्रैक्टिकल अर्थात प्रयोग कैसे होगी? जब तक किसी वस्तु विषयो की प्रैक्टिकल नही होती उसे व्यवहार में लाना उचित नही होता। क्योंकि प्रैक्टिकल के दौरान ही शिक्षा की महत्ता को समझा जा सकता है। एक तरफ पाठन सामग्रियों जैसे पुस्तको के माध्यम से थ्योरी अर्थात सिद्धांत प्राप्त होते है तो दूसरे ओर उन थ्योरीयो की प्रैक्टिकल अर्थात प्रयोगों के लिए अन्य सामग्रियों की भी आवश्यकता होती है। लेकिन इन दोनों कार्यो को सही एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए एक अच्छे, कुशल तथा जानकर व्यक्ति की आवश्यकता होती है। जिनके मार्गदर्शन में ही शिक्षा की सम्पूर्ण क्रियाएं सम्पन्न होती है। और वैसे ही व्यक्ति शिक्षक के रूप में जाने जाते है। इस तरह देखा जाए तो शिक्षा ग्रहण करने का मूल मंत्र पढ़ना लिखना के साथ साथ सीखना अति आवश्यक है। जिसमे शिक्षकों की भूमिका भी अहम होती है। साथ ही अभ्यर्थियों तथा छात्रों के मन मे शिक्षा ग्रहण करने के प्रति प्रबल इच्छा होनी चाहिए। कुछ हद तक यह इच्छाएं तथा अभिरुचि कुशल शिक्षकों के द्वारा छात्रों के मन मे उतपन्न करने में सहायक सिद्ध होती है। साथ ही छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए एक सूचीबद्ध तथा नियमित रूप से अध्ययन करना जरूरी है। उनकी लग्न ही उन्हें शिक्षा के मुकाम तक पहुंचा सकता है।

# भीषण गर्मी में नहीं थम रहे आग लगने के मामले

प्रयागराज में आज भयंकर आग लग गई। देखते ही देखते ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। गोदाम में रखे लाखों की बल्लियां, टेंट और फर्नीचर जल गए। आग बुझाने में मुख्य अग्निशमन अधिकारी समेत छह लोग आंशिक रूप से झुलस गए। भीषण आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और आग की ऊँची ऊँची लपटे और काले धुएं का गुबार दूर से दिखाई देने लगा , इसमें भरी नुक्सान भी हुआ , टेंट , फर्नीचर , सब आग के चपेट में आने से तहस-नहस हो गया । वैसे आज की झुलसती गर्मी में यह आग लगना कोई नै बात नहीं थी । देश में प्रचंड गर्मी के बीच हर दूसरे दिन कहीं ना कही से आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आग लगने की यह समस्या इतनी विकराल है, इसका अंदाज इन घटनाओं को अलग-अलग देखने से पता नहीं चलता है। इसलिए हमनें सात राज्यों का ब्योरा एक जगह जमा किया है। ब्यौरा चौंकाने और डराने वाला है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पंजाब और देश की राजधानी दिल्ली में पिछले छह महीने में 38 हजार आग लगने की घटनाएं हुई हैं, आग की इन घटनाओं से बड़े पैमाने पर जान और माल का नुकसान हुआ है। जाहिर है हमारे सिस्टम में कहीं न कहीं कमी है।

इस संदर्भ में, निम्नलिखित बिंदु उत्पन्न होते हैं।पहला इमारतों के चारों ओर खुली जगह और क्षेत्र की संरचनाः आवासीय भवन और वाणिज्यिक दुकानों का हिस्सा पूरी तरह से अलग होना चाहिए। झुग्गियों में एक मंजिला या दो मंजिला झोपड़ियों में भूतल पर वाणिज्यिक दुकानें स्थापित की गई हैं और अधिकांश परिवार इस पर उप-मंजिल पर रहते हैं। जो लोग सामने की तरफ दुकानों और विभाजन के साथ पीछे रहते हैं, उनके पास दुकान के मुख्य द्वार के बिना बाहर निकलने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। क्या नगर निगम प्रभारी का लाइसेंस विभाग सख्ती से जांच करने की भूमिका निभा रहा है? कई मामलों में, भूतल पर वाणिज्यिक दुकानें, पहली और दूसरी मंजिल पर वाहनों की पार्किंग और कार्यालयों/दुकानों को नगर निगम और फायर ब्रिगेड द्वारा लाइसेंस दिया जाता है। आवासीय भवन में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, दुकानों और प्रबंधन की अनुमति देते समय, प्रत्येक भवन में विपरीत दिशा में दो अलग-अलग सीढ़ियां होना बहुत महत्वपूर्ण है। सुरक्षित स्थान पर जाना संभव होगा। साथ ही सामाजिक जागरूकता रखते हुए अनावश्यक रूप से भवन के खुले स्थान पर वाहन पार्क न करें तथा आसपास के क्षेत्र (6 मीटर) को पूर्णतः खुला रखा जाए ताकि अग्नि गाडियां दुर्घटना स्थल पर आसानी से एवं बिना किसी बाधा के पहुंचकर तुरंत आग एवं बचाव कार्य प्रारंभ कर सकें, जिससे जनहानि से बचा जा सके एवं क्षति को कम करने में सहायता मिले। यह तभी संभव है जब भवन के निवासी इस सामाजिक प्रतिबद्धता का सख्ती से पालन करें।

दूसरा भवन के इंटीरियर में बालकनी, गलियारे, लिफ्ट लॉबी और सीढ़ियांः ये खुले स्थान ज्यादातर सभी आवासीय और वाणिज्यिक भवनों में देखे जाते हैं कि प्रत्येक मंजिल पर आम गलियारा, मार्ग और लिफ्ट लॉबी यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि उस मंजिल के निवासियों को अपने घर की अतिरिक्त या बेकार वस्तुओं को स्टोर करने का अधिकार है।अगर किसी घर में आग लगती है, अगर आग घर के बाहर फैल जाती है तो गलियारा, पैसेज में रखा लकड़ी का सामान, चप्पल स्टैंड, असुविधाजनक फर्नीचर आदि रास्ते से आग फैलाने में मदद करते हैं।धातु के तारों या रस्सियों को मार्ग से बांधा जाता है और क्षेत्र का उपयोग कपड़े सुखाने के लिए किया जाता है। इन कपड़ों में छत या दीवार से गुजरने वाले बिजली के तार या केबल होते हैं जो मुख्य रूप से आग के प्रसार में योगदान देते हैं। हालांकि, मैं सभी निवासियों से अपील करना चाहूंगा कि वे अतिरिक्त घरेलू सामानों को गलियारों, मार्गों, लिफ्ट लॉबी और सीढ़ियों में रखकर बाधा न डालें।


तीसरा अग्निशमन प्रणाली और इमारतों में उनकी दक्षताः पिछले कुछ वर्षों में जमीन के समानांतर मुंबई का विकास पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले निवासियों को अपनी, अपने प-रिवार और अन्य लोगों की सुरक्षा और सुरक्षा के बारे में सामाजिक जागरूकता की कमी की कोई चिंता नहीं है। तो, क्या बहुमंजिला इमारतों के अंदर अग्नि सुरक्षा उपकरण ठीक से काम कर रहे हैं? क्या भवन के विद्युत नलिकाएं/शाफ्ट प्रत्येक मंजिल पर सील हैं या नहीं? फायर पंप काम कर रहे हैं या नहीं? इस बात में पूरी तरह से उदासीनता है कि प्रत्येक मंजिल पर हाइड्रेंट पॉइंट, होजेरिल, फायर अलार्म चालू हैं या नहीं। इसके पीछे के जोखिमों को गंभीरता से क्यों नहीं लेते हैं जब हम सोचते हैं कि इमारत की प्रत्येक मंजिल पर बिजली की नलिका घरेलू सामानों को स्टोर करने के लिए हर किसी की सही जगह है? गलियारे से प्रत्येक मंजिल पर सीढ़ी तक स्थापित आग प्रतिरोधी लकड़ी के दरवाजे अक्सर हटाए जाते हैं या उनकी स्वचालित समापन प्रणाली अव्यवस्था की स्थिति में होती है।

चौथा है छतों और शरण क्षेत्रोंः आजकल हाउसिंग सोसाइटियों के लिए खुली छतों और शरण क्षेत्रों का उपयोग सामुदायिक हॉल या हाउसिंग सोसाइटी के मनोरंजन केंद्रों के रूप में करने के लिए प्रथागत हो गया है। इमारत में आग जैसी दुर्घटनाओं के मामले में, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि छत और शरण क्षेत्र बिना किसी बाधा के पहुंचने के लिए खुला और सुरक्षित हो; लेकिन भवन के पदाधिकारी और कार्यकारी बोर्ड ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे कि उस स्थान पर कब्जा करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है और उनके दिलों को जरा भी इस भावना से नहीं छूते हैं कि उनका मूर्खतापूर्ण व्यवहार हर निवासी के जीवन को खतरे में डाल रहा है। अतः प्रत्येक नागरिक का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वह घर में पोर्टेबल अग्निशामक, स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर स्थापित करने में सावधानी बरतें, जिस प्रकार अपनी प्रतिष्ठा प्रदर्शित करने के लिए आंतरिक सजावट और फर्नीचर पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। आग लगने की 90% घटनाएं इस शॉर्ट सर्किट के कारण होती हैं। इमारत में हर घर में आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते समय बिजली का भार कितना होता है? जो लोग खुद को शिक्षित और संभ्रांत मानते हैं, उन्हें दस साल में रिवायरिंग जैसी सरल चीजों के बारे में भी पता होना चाहिए।

शहरी विकास विभाग और लोक निर्माण विभाग के समन्वय से हर 6 महीने में फ्यूचर ऑडिट और हर एक साल में इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराने के नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। पेड़ गिरने, बाढ़ की स्थिति, लैंड स्खलन, हाउस कॉलप, लिफ्ट, मैनहोल के अलावापटाखों से होने वाले हादसों के लिए सरकारी मशीनरी कम पड़ जाती है। फायर ब्रिगेड अत्याधुनिक होती जा रही है, लेकिन उनके पास 90 मीटर ऊंचा लैंडर, 55 मीटर वॉटर टॉवर, रिमोट कंट्रोल रोबोट उपलब्ध है, जिसे संभालने के दौरान उन्हें कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

टोल बिल्डिंग, कोस्टल रोड, फाइव, स्काई वॉक, मेट्रो आदि में रुचि रखने वाली प्रशासनिक एजेंसियों के लिए फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने वाली पुलिस के लिए अलग मार्ग उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है ।एल.पी.जी. गैस / गैसलाइन के साथ-साथ स्थायी अग्निशामक यंत्रों का सरकार द्वारा अनुमोदित लाइसेंसिंग एजेंसी द्वारा अक्सर निरीक्षण किया जाना चाहिए और उचित समय पर मरम्मत और निरीक्षण किया जाना चाहिए।

आज के युग में स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी और निजी प्रबंधन में अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन प्र-शिक्षण को कानून द्वारा सभी के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि दुर्घटना के समय निर्वाचित प्रतिनिधियों, प्रशासनिक एजेंसियों और चुनी हुई सरकार की एक-दूसरे पर कीचड़ उछालकर अपनी जिम्मेदारी से भागने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा ताकि यह स्वार्थ, समाज और देश की प्रगति में योगदान दे।



**अशोक भाटिया,**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा पोषण प्रदर्शनी स्टॉल का किया गया आयोजन

## इस अवसर पर जिला अधिकारी द्वारा "पोषण शपथ दीवार" पर हस्ताक्षर कर पोषण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए जन सामान्य किया प्रोत्साहित




गौतम बुद्ध नगर 19 अप्रैल, 2025: जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशोंके क्रम में जनपद में 08 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हुए जन सामान्य को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जेवर तहसील में आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा पोषण प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा "पोषण शपथ दीवार" पर हस्ताक्षर कर पोषण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए जन सामान्य को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को संतुलित आहार, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।

इसी प्रकार दादरी तहसील में भी आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा पोषण स्टॉल लगाया गया, जिसमें अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे एवं उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा द्वारा तहसील एवं ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारियों के साथ "पोषण शपथ दीवार" पर हस्ताक्षर किए। साथ ही अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा दादरी में पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा जन सामान्य को पोषण के महत्व से अवगत कराया जा सके। यह आयोजन राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जनभागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। सौजन्य से सूचना विभाग

# जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ संपन्न

## तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 94 शिकायतें हुई दर्ज, 08 शिकायतों का विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया निराकरण



गौतम बुद्ध नगर 19 अप्रैल, 2025 : जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 94 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 08 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा तहसील जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 20 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 01 शिकायत का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, नायब तहसीलदार जेवर एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी प्रकार दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, यहां पर जनता के द्वारा कुल 71 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 06 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया। सदर तहसील में अपर जिला अधिकारी भू0/अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 03 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 01 शिकायत का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया। सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

### कशमीर की घाटियों से बर्फीली वादियों में गलवादियाँ करेगी वंदे भारत

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हमारा देश भारत जहाँ भिन्न भिन्न भाषा,धर्म जाति का चेहता देश,जो सम्पूर्ण विश्व को विविधता में एकता का संदेश देते हुए जीवन जीने का गुरू रहस्यो का तरीका व सलीका सिखाता है।जी हाँ हमारा व आप का प्यारा देशहै।जिसकी पहचान आज विश्व के मानचित्र में पहचान भारत के रूप अपना प्रच्चम फहरा रहा है। जिसकी अप्रैल की हल्की ठंडक और वसंत की खिलती बहार... हिमालय की बर्फीली चोटियाँ,सेब के पेड़ों पर गुलाबी फूलों की चादर,और मैदानों की हरी घास,यह सब अब सिर्फ मात्र अब कल्पना नहीं रहेगा।क्योंकि अब जल्द ही, इसका आनंद आप अपनी आंखों से देख सकते है। इसके लिए आप को जल्द ही जम्मु कश्मीर चलने के लिए तैयार रहना होगा। आप सोच रहे होगें कि कशमीर में तो अभी सर्दी व बर्फीले हवाओं से समाना करना पडेगा।तो आप को बता दें कि रेलवे ने जम्मू कश्मीर के विषय परिस्थितियो को ध्यान में रखते हुए स्पेशल डिजाइंड किया है।<

वह भी अपने यात्रियो के सुःख सुविधाओं का ध्यान में रखते हुए। जिसका नाम वंदे भारत ट्रेन दिया गया है।आप इसी वंदे भारत ट्रेन में बैठकर कशमीर की घाटियों व वादियों का नजदीक से देख सकेंगे। सर्व विदित रहे कि जैसे ही यह ट्रेन पहलगाम की घाटियों से गुजरेगी, हरियाली से सजी वादियाँ,दूर तक फैले चीड़ के जंगल और चरवाहों की झलक आपको एक लम्हे में रोक देंगे। वही देवदार की खामोशी को चीरती वंदे भारत की तेज रफ्तार - तकनीक और प्रकृति का अद्भुत संगम जल्द ही आपको देखने को मिलगी। जहाँ इंजीनियरिंग का कमाल"मेक इन इंडिया" के तहत इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) में बनी यह ट्रेन आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस है,जो बिजली सी चलती है।मगर सुरक्षित और आरामदायक सफर की मिसाल है। यह सफर हर भारतीय को गर्व से भर देगा।यहाँ पर आप के मन प्रश्न उठना स्वाभाविक है - क्या यह वंदे भारत ट्रेन कश्मीर की घाटियो व हिमालय की वादियों व विपरीत परिस्थितियों के अनकुल है।मै स्पष्ट कर दुं कि यह वंदे भारत एक्सप्रेस विश्वसनीयता,सुरक्षा और यात्रियों के आराम को सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक एवं उन्नत सुविधाओं से युक्त है।

# जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम में आज पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत vhsnd सत्र बिरोंडा का किया गया सघन निरीक्षण



गौतम बुद्ध नगर 19 अप्रैल, 2025: जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा की निदेशों के क्रम में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी के नेतृत्व समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा जनपद में 08 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत मां और बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए संतुलित आहार, स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के संबंध में व्यापक स्तर पर जागरूक करते हुए स्थलीय निरीक्षण भी किया जा रहा है।

इसी श्रृंखला में आज जिला विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी द्वारा वीएचएसएनडी सत्र बिरोंडा का सघन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान एएनएम संघिमल द्वारा बताया गया की आशा राजेश की ड्यू लिस्ट के अनुसार २० बच्चे आ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ५ं परिवार ०७ है। संपर्क करने पर घर पर केवल छोटे बच्चे मिलते है। घर के बड़े सदस्य काम पर चले जाते है। बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा एएनएम से किशोरी बालिकाओं की लिस्ट माँगी गयी ताकि शीघ्र एचपीवी का टीका बालिकाओं को लगाया जा सके। समस्त मुख्य सेविका को निर्देश दिए गए कि शीघ्र स्कूल न जाने बाली बालिकाओ की सूची बना कर संख्या एमओआइसी को प्रेषित करें, जिसके सभी बालिकाओ को वैक्सीन लगाई जा सके।

बाल विकास परियोजना अधिकारी को aww/awh द्वारा अवगत कराया गया कि पोषण ट्रैकर पर अपने आप संख्या कम ज्यादा हो जाती है। पोषण ट्रैक्टर पंजिका में २१ गर्भवती महिलाए है लेकिन पोषण ट्रैकर पर ५ ही अंकित दर्शाई गई है। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र १६ बच्चे उपस्थित पाए गए।

बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा पोषण कॉर्नर बनाने के लिए ६ं को समझाया गया। ऋष्टऊ सही पाए गए। एएनएम के पास ब्लड प्रेशर नापने की मशीन नहीं मिली, जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में तृतीय विशाल वार्षिकोत्सव "जश्न-ए-भीमोत्सव"कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## जश्न-ए-भीमोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के माननीय मंत्री असीम अरुण जी रहे उपस्थित





गौतम बुद्ध नगर 19 अप्रैल 2025 :भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में आज डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय नोएडा (मुख्यमंत्री अभ्युदय केंद्र) के तत्वाधान में विगत दिवस देर रात्रि तृतीय विशाल वार्षिक उत्सव "जश्न-ए-भीमोत्सव"एक शाम बाबा साहब के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री माननीय असीम अरुण जी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

माननीय मंत्री जी ने इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं, उन्होंने जो हमारे देश के लिए कार्य किए हैं वह अतुलनीय कार्य हैं। हम सभी को बाबा साहब के आदर्श एवं सिद्धांतों का अपने निजी जीवन में भी समावेश करते हुए समाज हित में कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज में धर्म, जाति व संप्रदाय आदि के भेदभाव को मिटाकर हम सबको एक साथ मिलकर चलने का संदेश दिया। हम सभी को उनके इस संदेश को आत्मसात करते हुए भेदभाव रहित जीवन व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने बाबा साहब के द्वारा देश को दिये गये सभी वर्ग के लोगो को समान अधिकार व महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करते हुये कहा कि यदि आप एक पुरूष को शिक्षित करते है तो आप एक इंसान को शिक्षित कर रहे है, किन्तु यदि आप एक महिला को शिक्षित करते है तो आप पूरे समाज को क्षिक्षित कर रहे है। मा0 मंत्री जी द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुये यह कहा गया कि आज से 75 वर्ष पूर्व सभी वर्ग के लोग व महिला एवं पुरूष समान अधिकार के साथ खडे नहीं हो सकते थे, किन्तु आज सभी में समानता है। इस कार्यक्रम में जितने पुरूषो द्वारा प्रतिभाग किया गया है उतनी ही महिलाओं द्वारा भी प्रतिभाग किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना संचालित की जा रही है जिसके माध्यम से अब गरीब परिवार के बच्चे भी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कोचिंग प्राप्त कर रहे हैं और सरकारी सेवाओं में चयनित होकर सरकारी नौकरी में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय नोएडा में जो संचालित किया जा रहा है, उसमें जो भी बच्चे अध्ययन करके सफलता प्राप्त कर रहे हैं, यह हमारे लिए बड़े गर्व का विषय है और प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री अभ्युदय केंद्र को और किस प्रकार बेहतर बना सकती है इस पर निरंतर विचार विमर्श कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ऐसे छात्रों पर भी ध्यान दिया जा रहा है, जो बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल नहीं हो पाते, उनके लिए कौशल विकास योजना संचालित की जा रही है, जिससे उन्हें प्रशिक्षण उपलब्ध करा कर स्वरोजगार स्थापित कराया जा सके।

इस दौरान मा0 मंत्री जी ने डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय नोएडा (मुख्यमंत्री अभ्युदय केंद्र) से सफलता प्राप्त करने वाले 31 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया, जिसमें मुख्यता केन्द्र की छात्रा सुश्री पिंकी मसीह जोकि वर्ष 2023 में सिविल सेवा परीक्षा में 948 रेंक प्राप्त कर देश को अपनी सेवा दे रही है। इस दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय नोएडा में अध्ययन कर रही छात्राओं अनुसुइया, शिवानी, हैप्पी, यश व मोहिनी द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय नोएडा को संचालित कर रही दलित उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष पीतम सिंह, संरक्षक गणेश जाटव, बालक राम प्रधान जी, महामंत्री सत्यपाल सिंह, गोपाल चौधरी, दीपचंद जाटव, जगत चौधरी, रोहित चौधरी, अजय गौतम, राजकुमार, हुकम सिंह, विजय कुमार पप्पू, खेमचंद, अमर सिंह, चंद्रबोस जाटव, सोहनलाल, राजेंद्र जाटव, वीर सिंह पंडित जी तथा समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार भी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता: बनिजोत गाँव में देहात इंडिया द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन



जनपद बलरामपुर देहात इंडिया के तत्वावधान एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के माध्यम से ग्राम पंचायत बनिजोत गाँव में बाल विवाह के खिलाफ एक जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गाँव के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने यह दिखाया कि किस तरह कम उम्र में विवाह से बच्चों का भविष्य प्रभावित होता है और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता से वंचित होना पड़ता है।

कार्यक्रम के दौरान देहात इंडिया की टीम ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें बाल विवाह से जुड़े कानूनों और इसके सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी दी। उपस्थित ग्रामीणों ने नाटक को खूब सराहा और बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से मिटाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। बनिजोत गाँव की महिलाओं ने विशेष रूप से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी बेटियों को शिक्षित करने के संकल्प को दोहराया। बच्चों ने भी बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता दिखाई और नाटक के माध्यम से सीखी गई बातों को आत्मसात किया।

उपरोक्त कार्यक्रम में देहात इंडिया बलरामपुर से अरूण चौधरी, मोहम्मद यूसुफ, रमेश शुक्ल, सुषमा, विशाल, अजय, प्रिंसयादव, ग्रामवासी, महिलाएं, बच्चे, ग्राम प्रधान हीरालाल उपस्थित रहे

# 29वें श्री पंडोखर धाम महोत्सव में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह, अरुण बक्शी, बिंदु दारा सिंह, जीतू खरे ने दी प्रस्तुति



श्री पंडोखर धाम ( दतिया) 29वें श्री पंडोखर धाम महोत्सव के मंच पर आठवें दिन बॉलीवुड व भोजपुरी कलाकार, बुंदेलखंड गायकों ने जमकर धमाल मचाया, लोकगीत, भोजपुरी गीत, धार्मिक प्रस्तुति ने मध्य रात्रि तक दर्शकों को तालियाँ बजाने को मजबूर कर दिया। श्री पंडोखर धाम के पीठाधीश्वर पं० गुरूशरण शर्मा ने सभी कलाकारों को प्रतीक चिन्ह देकर व पटका पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत भोजपुरी गायक अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने प्रभु श्रीराम सबके हैं... गीत से की। इसके बाद उन्होंने हे दुख भंजन मारुति नंदन ... जैसे प्रभु श्रीराम और वीर हनुमान जी की आराधना से की।अक्षरा की आवाज की खनक और भोजपुरी धुनों की लोच ने हर किसी का दिल जीता। प्रियतम के विरह और प्रेम पर आधारित कई गीतों से उन्होंने रस घोल दिया। उनके गीत के बोल थे- सांवरी सुरतिया मोहनी मुरतियां... बड़ा नीक लागे ओनकर मीठी-मीठी बतिया....। मुस्की पर सइंया के लुभा गइलीं... के बाद उन्होंने गीत सुनाया कि जइसन चोले रहली ओइसन सइयां मोर बाड़न, सांवर न गोर बाड़न हो...। तमाम संगीत प्रेमी अक्षरा के साथ ठुमके लगाने लगे।

कई फिल्मों में अपने अभिनय की अमिट छाप छोड़ने वाले अभिनेता गायक अरुण बक्शी ने अपने गीतों गीतों से महफिल लूट ली। बॉलीवुड अभिनेता अरुण बक्शी ने मैं चला आ मैं चला" जब गया तो दर्शकों खड़े होकर झूमने लगे। उन्होंने तुन्ना तुन्ना, झुमका गिरा रे बरेली की बाजार में, दुनिया की ठा-ठा ठा, रंग बरसे आदि गीत गाकर समा बांधा। अरुण बक्शी को बी आर चोपड़ा के 'महाभारत' में सबसे पहले कंस की भूमिका निभाने का मौका मिला था। उन्होंने बताया कि जब 'महाभारत' की शूटिंग शुरू हुई तो मुझे कंस की भूमिका ऑफर की गई थी, लेकिन उस समय मैं जे पी दत्ता की फिल्म 'बंटवारा' की शूटिंग कर रहा था। इस वजह से मैं कंस की भूमिका नहीं निभा पाया, बाद में रवि चोपड़ा ने मुझे महाभारत में धृष्टद्युम्न की भूमिका दी। इस भूमिका को लोगों ने खूब पसंद किया।

विश्व प्रसिद्ध पहलवान रहे दारा सिंह के पुत्र बिंदु दारा सिंह जिन्होंने 20 से अधिक बॉलीवुड फिल्म, दो दर्जन से अधिक टीवी सीरियल, कई रियल्टी शो में अपनी कला का जलवा बिखेर चुके उन्होंने भी मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। रामायण के डायलॉग से समूचे पंडाल को भक्तिमय बना दिया।

बुंदेलखंड के लोक कलाकार जीतू खरे ने भी बुंदेलखंड के लोकगीतों का जलवा बिखेरा, और कॉमेडी से लोगों को खूब हँसाया।

# बागपत के विपुल जैन हुए द ग्रेट इंड़ियन अवार्ड 2025 से पुरस्कृत

*- एनडीआरएफ के डीजी सीनियर आईपीएस संजय कुमार ने किया बागपत के विपुल जैन को द ग्रेट इंड़ियन अवार्ड 2025 से पुरस्कृत*

*- विपुल जैन को वर्ष 2014 में उत्तर प्रदेश सरकार व वर्ष 2015 में महामहिम राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा किया जा चुका है सम्मानित*



नई दिल्ली। नई दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित 5 स्टार होटल में द ग्रेट इंड़ियन अवार्ड समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें देभभर की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। अवार्ड समारोह में अन्तर्राष्ट्रीय अवार्डी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन को हिमाचल प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक डीजीपी व नेशनल डिजास्टर रेस्पांस फोर्स एनडीआरएफ के डीजी सीनियर आईपीएस ऑफिसर संजय कुमार द्वारा द ग्रेट इंड़ियन अवार्ड 2025 से पुरस्कृत किया गया। विपुल जैन को यह पुरस्कार उनके समाजसेवी कार्यो, अपने प्रोफेशन के माध्यम से समाज में छुपी हुई प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने लाने, जरूरतमंदों की मद्द करने, लोगों को न्याय दिलाने व साम्प्रदायिक सौहार्द में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए प्रदान किया गया। विपुल जैन ने पत्रकारिता की शुरूआत वर्ष 2002 में की। वर्ष 2014 में उनको समाजहितैषी व पत्रकारिता क्षेत्र में किये गये सराहनीय कार्यो के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। वर्ष 2015 में विपुल जैन को महामहिम राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। विपुल जैन को उनके जनहितकारी कार्यो के लिए देश-विदेश की अनेकों संस्थाओं द्वारा नेशनल व इंटरनेशनल अवार्डो से पुरस्कृत व सम्मनित किया जा चुका है। विपुल जैन वर्तमान में अनेकों प्रतिष्ठित मीड़िया संस्थानों के लिए स्वतंत्र पत्रकार के रूप में कार्य कर रहे है और पूर्व में दैनिक हिन्दुस्तान, दैनिक राष्ट्रीय सहारा जैसे अनेकों प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों के लिए कार्य कर चुके है। विपुल जैन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूओं, शुभचिंतकों व सहयोगियों को दिया है।

# रिसर्च, इंडस्ट्री और स्किल्स की त्रिवेणी से बदलेगी फार्मा की सूरत

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फामेर्सी कॉलेज और इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी की ओर से फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इन्नोवेशनः स्ट्रेंथनिंग इंडस्ट्री-अकेडमिया कोलाबोरेशन पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस- एनसीपीआरआई 2025 का समापन

एकम्स फार्मा के जीएम डॉ. योगेन्द्र सिंह बोले, फार्मा सेक्टर में कम्प्यूटर सिस्टम वैलीडेशन- सीएसवी के संग-संग क्वालिटी एश्योरेंस-क्यूए और क्वालिटी कंट्रोल-क्यूसी की अहम भूमिका है। सीएसवी केवल डोजेज फॉर्म तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मैन्युफैक्चरिंग यूटीलाइजिंग और क्रोमेटोग्राफी तक विस्तृत है। उन्होंने स्टुडेंट्स से कहा, आप अपनी बेसिक साइंस को मजबूत करो- एचपीएलसी, यूवी, क्रोमेटोग्राफी आदि की समझ होना इंडस्ट्री के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने क्रिकेटर रवि शास्त्री का उदाहरण देते हुए समझाया, हमें अपने डिपार्टमेंट के संग-संग दूसरे डिपार्टमेंट की भी सामान्य जानकारी होनी चाहिए। अपने वैरी शार्ट टर्म, शार्ट टर्म और लॉग टर्म गोल्स को तय करें। ग्लोबल फार्मा इंडस्ट्री में करियर की असीम संभावनाएं हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी है, आपके बेसिक्स क्लियर हों और आप स्किल्ड भी हों। डॉ. योगेन्द्र सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फामेर्सी कॉलेज और इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी की ओर से फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इन्नोवेशनः स्ट्रेंथनिंग इंडस्ट्री-अकेडमिया कोलाबोरेशन पर आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस एनसीपीआरआई 2025 के समापन मौके पर बोल रहे थे। इस अवसर पर फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज में कम्प्यूटर सिस्टम वैलिडेशन, एआई, क्रिस्पर, डिजिटलाइजेशन जैसी तकनीकों से पाठ्यक्रम अपडेशन आदि पर पैनल डिसक्शन भी हुआ। एनसीपीआरआई में स्टुडेंट्स, फैकल्टीज, रिसर्चर्स की ओर से 78 ओरल रिसर्च पेपर्स और 81 पोस्टर्स भी प्रस्तुत हुए। इससे पूर्व मेहमानों ने दीप प्रज्जवलित करके नेशनल कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन का शंखनाद किया। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। संचालन कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी डॉ. आशीष सिंघई और डॉ. मिथुल मेमन ने बारी-बारी से किया। प्रीमीडियम फार्मास्युटिकल के निदेशक डॉ. डी. बिर्डी बोले, फार्मा इंडस्ट्री में स्किल्ड लोगों और छात्रों के लिए कम्प्यूटर सिस्टम वैलीडेशन- सीएसवी को समझने की जरूरत है। फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में सीएसवी अहम हिस्सा बन चुका है। दवा बनाने या जांचने के लिए कंप्यूटर सिस्टम इस्तेमाल होता है, तो यह पक्का करना जरूरी होता है कि कंप्यूटर सिस्टम सही, सुरक्षित और भरोसेमंद है। इसी प्रक्रिया को सीएसवी कहते हैं। इस फील्ड में काम करने के लिए तकनीकी समझ के साथ-साथ गाइडलाइंस की जानकारी भी जरूरी होती है जैसे कि जीएमपी 5, 21 सीएफआर पार्ट 11 के नियम, इसीलिए इस फील्ड में स्किल्ड प्रोफेशनल्स की भारी मांग है, जो क्वालिटी, कंप्लायंस और डेटा सिक्योरिटी को अच्छे से समझते हैं। छात्रों को सीएसवी की बेसिक समझ देना वक्त की जरूरत है। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम आने वाली पीढ़ी को इस क्षेत्र में न सिर्फ जानकारी दें, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री के लिए तैयार भी करें।

बायोलॉजिकल ई लि. के प्लांट प्रोडक्शन मैनेजर श्री राकेश श्रीवास्तव बोले, फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में रिसर्च एंड ट्रेनिंग, इन्नोवेशन और बाजार की मांग के मुताबिक शिक्षा में परिवर्तन अति आवश्यक है। तेजी से बदलती फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में नई तकनीकें, ऑटोमेशन और डिजिटल टूल्स लगातार शामिल होते जा रहे हैं। ऐसे में मात्र डिग्री से ही आप इंडस्ट्री के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं, बल्कि स्टुडेंट्स को इंडस्ट्री रेडी बनाने के लिए प्राब्लम बेस्ड लर्निंग, हैंड्स ऑन ट्रेनिंग, वर्कशॉप-इंटर्नशिप समय की दरकार है। उन्होंने स्टार्ट अप्स और एसएमईएस के जरिए इन्नोवेशन क्रिएटिविटी के दम पर फार्मा सेक्टर में नई दिशा देने की अपील की। युवाओं में न केवल एकेडमिक स्किल्स, बल्कि इंडस्ट्री की रियल वर्ल्ड जरूरतों को समझने की क्षमता भी होनी चाहिए। अकादमी और इंडस्ट्री को साथ मिलकर ऐसा माहौल बनाना चाहिए, जिसमें नए आइडियाज, रिसर्च और मार्केट डिमांड का सही तालमेल हो सके।

# डी.ए.वी. के संस्थापक महात्मा हंसराज जन्मोत्सव सम्पन्न

### श्वेत वस्त्रधारी सर्वस्व त्यागी थे महात्मा हंसराज -अनिल आर्य

गाजियाबाद,शनिवार 19 अप्रैल 2025,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में डीएवी के संस्थापक महात्मा हंसराज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ऑनलाइन **गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि महात्मा हंसराज श्वेत वस्त्र धारी सर्वस्व त्यागी सन्यासी थे।महात्मा हंसराज ने नवीन और प्राचीन शिक्षा पद्धति को जोड़ कर शिक्षा के साथ संस्कार देने वाले आंदोलन के रूप में डी ए वी की शिक्षा प्रणाली देश को प्रदान की।स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त राष्ट्र के नीति नियन्ताओं के समक्ष तीन प्रकार की शिक्षा प्रणालियां उपलब्ध थी प्रथम स्वामी श्रद्धानन्द द्वारा स्थापित गुरुकुलीय शिक्षा,महात्मा हंसराज द्वारा नवीन और प्राचीन के समन्वय से स्थापित डी ए वी शिक्षा और तीसरी हमारे राष्ट्र को मानसिक गुलाम बनाने के उद्देश्य से लार्ड मैकाले द्वारा दी गई मैकाले की शिक्षा व्यवस्था।

## दबंगो ने एक व्यक्ति के साथ लाठी डंडों व धारदार हथियार से मारपीट कर किया गम्भीर धायल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नगीना। सरकारी टयूबवैल के पानी को लेकर थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगो ने एक व्यक्ति के साथ लाठी डंडों व धारदार हथियार से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने चार के विरुद्ध नामजद लिखित तहरीर दी है। जिस पर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर हट्टी निवासी लाजवन्त सिंह पुत्र नोवहार सिंह बृहस्पतिवार की रात्रि को सरकारी ट्यूवैल से अपने खेत मे पानी लगा रहा था। उसी समय गांव के अशोक कुमार, हर्षित पुत्र अशोक कुमार, ब्रजपाल सिंह पुत्र बलकरण सिंह व वंश कुमार पुत्र जयपाल ने आकर मेरे खेत मे चलता पानी काट लिया मना करने पर लाठी डंडों एवं पाठल से मेरे साथ मारपीट कर मुझे घायल करते हुए माँ बहन की गंदी गन्दी गालियां दी तथा जाते समय जान से मारने की धमकी देते चले गए। मारपीट में सर व हाथ में गम्भीर चोट आई है। घटना की सूचना परिजनों को लगने पर मुझे थाने ले गये जहाँ पर पुलिस द्वारा मेरा नगीना सरकारी अस्पताल में मेडिकल व इलाज कराया वहाँ से बिजनोर एक्सरे आदि के लिए भेज दिया। तहरीर में उपरोक्त चारो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कारवाही शुरू कर दी गई है।

# तहसील समाधान दिवस में आई सभी जनहित शिकायतों का मौके पर पहुंच कर पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने के दिए निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने तहसील समाधान दिवस में आई सभी जनहित शिकायतों का मौके पर पहुंच कर पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिये उन्होंने दो टूक कहा कि समाधान दिवस में शिकायत तो का निस्तारण में कोताई बरतने वाले अधिकारी कर्मचारी बख्से नहीं जाएंगे। इस मौके पर कुसे 36 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नही हो सका। शनिवार को तहसील सभा कक्ष में आयोजित समाधान तहसील दिवस कार्यक्रम में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा



कि समाधान दिवस में आने वाले शिकायतों का निस्तारण में संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ता को विश्वास में लेते हुए मौके पर जाकर पारदर्शिता के साथ निस्तारण करें उन्हें कहा कि किसी कारण वंश अधिकारी मौके पर नहीं जा सकते तो अपने अधिनिस्ट अधिकारी या कर्मचारी को भेज कर शिकायत की सत्यता के आधार पर समाधान करें जिलाधिकारी ने गर्मी को देखते हुए नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि पानी की कमी नहीं होनी चाहिए और ना ही गांव देहात में। उन्होंने यह भी कहा कि जो निर्माण और विकास कार्य चल रहे हैं उन्हें पूरी ईमानदारी के साथ चलन दे और निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री लगाने से बच्चे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया के शासन के द्वारा चलाए जा रही योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को ही दिलाई ताकि सरकार की मनसा पूरी हो सके दो टुक कहां की निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री लगाने भीषण गर्मी में पानी की कमी होने और शान द्वारा चलाई जाती योजनाओं का लाभ अपात्रों को जिला जाने की शिकायत उन तक पहुंची तो संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ विभाग के करवाई की जाएगी। समाधान दिवस में कल 36 शिकायतें पंजीकृत की गई जिनमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका से सभी शिकायतें संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौप कर एक सप्ताह के भीतर उनका समाधान कर अपनी जाच आख्य देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने तहसील समाधान दिवस के बाद नगीना के ग्राम पुरैनी में स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास, पुरैनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था, बालिकाओं के लिए पर्याप्त/गुणवत्तपरक भोजन व पानी की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके बाद जिलाधिकारी ने मंडी समिति नगीना में गेहूं तोल केंद्र का निरीक्षण कर किसानो के मौजूदा गेहू में आद्रता की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। किसानों को अधिक से अधिक अपने गेहू को सरकारी तोल केंद्रों पर लाकर बेचना चाहिए। इस मौक पर रचना गुप्ता, डीपीआरओ दमनप्रीत अरोड़ा, एसडीएम आशुतोष जायसवाल, सीओ अंजनी चतुवेर्दी, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, ईओ संदीप सक्सेना, तहसीलदार, सर्किल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी व अधिकारी गण मौजूद रहे

## दो दोस्तों की डूबकर मौत दोनों परिवारों में पसरा मातम

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**




बिजनौर के झालू इलाके में एक दर्दनाक हादसे में दो दोस्तों की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक जीशान (20) और आदिल (28) दोनों धामपुर के नई सराय के रहने वाले थे। घटना उस समय हुई जब दोनों अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ एक बारात से लौट रहे थे। गर्मी से राहत पाने के लिए सभी दोस्त झालू के पास नहर में नहाने उतरे। इसी दौरान जीशान और आदिल पानी के तेज बहाव में बह गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू किया। शुक्रवार सुबह जीशान का शव दो किलोमीटर और आदिल का शव चार किलोमीटर दूर से बरामद किया गया। इस हादसे ने दो परिवारों को तबाह कर दिया। जीशान पांच बहनों का इकलौता भाई था और उसकी शादी जल्द होने वाली थी। वहीं आदिल के घर छह महीने की बच्ची और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। दो दोस्तों के शव जब पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया। दोनों दोस्तों का जनाजा एक साथ उठने पर सभी की आंखें नम हो गई। देर शाम को दोनों का दफीना नम आंखों के साथ कर दिया गया। मृतक जीशान 5 बहनों का इकलौता भाई था और जल्द उसकी शादी होने वाली थी। वहीं, आदिल की मौत से 6 माह की बच्ची और पत्नी और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। दरअसल धामपुर थाना क्षेत्र के नई सराय निवासी छोटू पुत्र शादाब की बारात बिजनौर गई थी। इस बारात में दूल्हे के दोस्त मोहल्ले के ही रहने वाले 20 वर्षीय जीशान पुत्र मोहम्मद राईस और 28 वर्षीय आदिल पुत्र मोहम्मद जमाल मुहल्ले के ही तीन अन्य दोस्तों के साथ बारात में शामिल होने के लिए कार से गए थे। बारात से देर शाम को लौटते समय वह झालू के पास नहर में नहाने के लिए गाड़ी से उतर गए। सभी दोस्त गर्मी से निजात पाने के लिए नहर में नहाने लगे। इस दौरान जीशान और आदिल पानी के तेज बहाव में बह गए। रात को ही भारी संख्या में लोगों के पेड़ जमा हो गई और मौके पर पहुंचे पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों की तलाश शुरू कराई। शुक्रवार सुबह दोनों के शव एक का दो किलोमीटर जबकि दूसरे का चार किलोमीटर दूरी पर नहर से बरामद कर लिए गए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की दोपहर के बाद दोनों का पोस्टमार्टम के बाद धामपुर पहुंचे जैसे ही दोनों दोस्तों के शव मोहल्ले में पहुंचे तो भारी संख्या में लोगों के भीड़ जमा हो गई और परिजनों सहित मोहल्ले में कोहराम मच गया।सैकड़ों लोगों ने नाम आंखों से दोनों दोस्तों को अंतिम विदाई दी और उन्हें देर शाम को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। मृतक आदिल टाइल्स पत्थर लगाने का काम करता था। आदिल अपनी छह माह की बेटी और पत्नी सहित भरे पूरे परिवार को रोता हुआ छोड़ गया। उसके तीन बहन और तीन भाई भी है। जीशान पांच बहनों का इकलौता भाई था। जीशान का 15 दिन पूर्व रिश्ता हुआ था। बहनोई के सऊदी से आने के बाद उसकी शादी होनी तय थी। वह अपनी पांच बहनों में इकलौता भाई था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं शादी की खुशियां भी मातम में बदल गई।

## बदायूं : तालाब में डूबने से दो किशोरों की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**आई एम खान/**
**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिद्धपुर कैथौली में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जिसमें सिद्धपुर कैथौली निवासी बॉबी 14 पुत्र भूरे कश्यप और सलमान 16 पुत्र झबूरी गहरे पानी में डूब गए। ग्रामीणों के अनुसार दोनों किशोर गांव के तालाब में नहा रहे थे। नहाते समय वह गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। तालाब के पास मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाया, जिससे ग्रामीणों के साथ परिवार के लोग भी तालाब किनारे पहुंच गए, लेकिन तब तक दोनों किशोर तालाब के गहरे पानी में डूब चुके थे। गांव के गोताखोरों को बुलाकर दोनों किशोरों की तलाश कराई गई। करीब 1 घंटे की



खोजबीन के बाद दोनों किशोर अचेत हालात में तालाब से बाहर निकाले गए। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों किशोरों को अलग-अलग बाईकों की मदद से बिसौली सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने मेडिकल परीक्षण में दोनों किशोर को मृत घोषित कर दिया। किशोरों की मौत से परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में भी मातम का माहौल है। घटना की सूचना तहसील प्रशासन को दी गई। तहसील प्रशासन ने गांव पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया। वहीं पुलिस ने दोनों किशोरों के शव पोस्टमार्टम को भिजवाए हैं।

## शिकायतों के निस्तारण में देरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी - अरुण कुमार

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। एडीएम प्रशासन अरूण कुमार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का अधिकारी गुणवत्ता के आधार पर



समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण में देरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एडीएम प्रशासन अरूण कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिनमें से मौके पर पांच का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को यथाशीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया है। इस दौरान एसडीएम राशि कृष्णा, तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार, नायब तहसीलदार सृजन यादव, एसडीओ अमित कुमार, सप्लाई इंस्पेक्टर शुभ्रा मिश्रा, पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह, वन क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार, ईओ अनूप राय, ईओ अखिलेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता पर हो निस्तारण - केशव कुमार

**आई एम खान/**
**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने तहसील बिल्सी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में है, इसलिए अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर 67 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 02 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस आमजन की शिकायतों को जानने व उनके



निस्तारण का एक अच्छा प्लेटफार्म है। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण कराया जाए। निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व सम्बंधी 37, अन्य 40 तथा कुल 67 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर किसान पंजीकरण का मेगा कैम्प भी तहसील बिल्सी में लगाया गया था, जहां 43 किसानों ने अपना पंजीकरण कराया, इसके अलावा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, नवजात बच्चों का अन्नप्रासन भी कराया गया तथा फैमली आई भी बनाने के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभांवित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिल्सी रिपुदमन सिंह सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर पंचायत का आयोजन : कामेन्द्र चौधरी

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) द्वारा शिवनारायण सैनी जिला संरक्षक संभल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने उपजिलाधिकारी संभल वन्दना मिश्रा को ज्ञापन सोपा ! जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 22 अप्रैल दिन मंगलवार को ब्लॉक परिसर संभल में दोपहर 12: 00 बजे से धरना- प्रदर्शन किया जाएगा ! पंचायत में यशस्वी मुख्यमंत्री जी को संबोधित 8 सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रशासन के माध्यम से सोपा जाएगा ! ज्ञापन द्वारा बताया गया कि किसानों की समस्याओं के समाधान हेतू संबंधित विभागों से तहसीलदार संभल, विद्युत



अधिशासी अभियंता संभल, खंड विकास अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, एस डी ओ जल जीवन मिशन, बेसिक शिक्षा अधिकारी, आपूर्ति निरीक्षक आदि अधिकारी दोपहर 2 बजे तक पंचायत में पहुँचे ! अन्यथा संगठन आगामी निर्णय लेकर अनिश्चितकालीन धरने एवं आंदोलन को विवश होगा ! जिसकी पूर्णतः जिम्मेदारी शासन - प्रशासन की होगी ! ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला संरक्षक शिव नारायण सैनी, जिला महासचिव अनमोल कुमार, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष पवांसा नितिन कुमार, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष संभल कन्हैया प्रजापति, रविता देवी ब्लॉक अध्यक्ष (म. मोर्चा) संभल, आयशा मलिक नगर सचिव (म. मोर्चा) संभल, मुनेन्द्र चौधरी, उदल सिंह, अमोल कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

## विश्व हिंदू परिषद ने बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की संभल इकाई ने बंगाल में हाल ही में हुई हिंसा की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। विहिप के जिलाध्यक्ष अमित कुमार, सह जिला मंत्री श्याम बाबू गुप्ता, जिला संयोजक विजेंद्र शर्मा और जिला प्रचार प्रमुख रामौतार शर्मा ,नवनीत गांधी ने व संगठन अन्य लोग भी मौजूद रहें। बंगाल की स्थिति को अत्यधिक चिंताजनक बताया है।कहा गया है कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में पूरे बंगाल को हिंसा की आग में झोंका जा रहा है और हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को अपने षडयंत्रों को अंजाम देने की खुली छूट मिली हुई है और शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने निष्क्रिय ही नहीं, बल्कि कई स्थानों पर उनका सहायक बना हुआ है। विहिप नेताओं ने 11 अप्रैल, 2025 को मुर्शिदाबाद में मुस्लिम भीड़ द्वारा वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किए गए हिंसक प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं, बल्कि हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था। उन्होंने कहा कि इस घटना में 200 से अधिक हिंदुओं के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को लूटा और जलाया गया, सैकड़ों हिंदू बुरी तरह घायल हुए और तीन नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी गई। इसके अतिरिक्त, दर्जनों महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया




गया, जिसके कारण 500 से अधिक हिंदू परिवारों को पलायन करना पड़ा। विहिप ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर दंगाइयों का समर्थन करने का आरोप लगाया और कहा कि वह पीड़ितों की सहायता करने की बजाय उन्हें वापस जेहादियों के सामने परोसने का षडयंत्र कर रही हैं,ममता सरकार अपने वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए संघीय ढांचे को ध्वस्त कर सकती है।बंगाल में राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में है, क्योंकि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को □□□□ रूप से आने दिया जा रहा है और आतंकी संगठनों की सक्रियता बढ़ रही है।हिंदुओं के प्रति हिंसा बढ़ रही है और न्यायालय के आदेश पर ही हिंदू त्योहारों को अनुमति मिल पाती है। सुरक्षा बलों को निशाना बनाया जा रहा है।हिंदुओं का अस्तित्व खतरे में है और कानून व्यवस्था पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। प्रशासन असामाजिक तत्वों और जिहादी गुंडों के नियंत्रण में काम कर रहा है। यह हिंसा अब पूरे बंगाल में फैल रही है और देश के अन्य हिस्सों में भी फैल सकती है। इन परिस्थितियों को देखते हुए, विश्व हिंदू परिषद ने केंद्र सरकार से निम्नलिखित मांगें की हैं,बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। बंगाल की हिंसा की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) द्वारा करवाई जाए और दोषियों को तुरंत दंडित किया जाए।बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए।बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें निष्कासित किया जाए और बंगाल व बांग्लादेश की सीमा पर तार लगाने का काम तुरंत शुरू किया जाए, जिसे ममता बनर्जी ने रोका हुआ था। विहिप नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार राष्ट्र की संप्रभुता और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए तुरंत कार्रवाई करेगी। संभल प्रशासन के द्वारा विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं को इस मुद्दे पर पुतला जलाने से रोक दिया पुतला नहीं जलनें दिया।

## बाबा साहेब की महिलाओं, पिछड़े वर्गों और दलित समुदाय को अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका - आशुतोष मौर्या

**बिसौली में भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई**

**आई एम खान/**
**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। नगर में संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को उत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत-शत नमन किया गया। नगर पालिका के नेहरू पार्क में आयोजित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार सोसाइटी के द्वारा बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आशुतोष मौर्या ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान निर्माण में जो



योगदान दिया वह भारत को एक आधुनिक लोकतांत्रिक और समतावादी राष्ट्र की स्थापना की। उन्होंने महिलाओं, पिछड़े वर्गों और दलित समुदाय को अधिकार दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। भाजपा के प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर एक प्रसिद्ध राजनीतिक, दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद्, बहु-भाषाविद्, धर्म दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे। जिन्होंने भारत में छूआछूत और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिये अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। नगर पालिका बिसौली के अध्यक्ष अबरार अहमद ने कहा कि बाबा साहेब का कहना था, शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो यह संदेश आज भी लोगों को प्रेरित करता है। श्री अहमद ने कहा कि बाबा साहेब ने संघर्षों के पर वह मुकाम हासिल किया जो कम ही लोगों को मिलता है।

## विधायक हरीश शाक्य ने पाइप पेयजल योजना का किया स्थलीय निरीक्षण

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूं। विधानसभा क्षेत्र बिल्सी में शनिवार को विधायक हरीश शाक्य द्वारा ब्लॉक सहसवान के ग्राम पंचायत भोजपुरा टप्पा जामिनी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। जिसमें उनके द्वारा ग्राम पंचायत में शुद्ध पेयजल से होने वाले लाभ के बारे में




बताया गया, एवं जल की उपयोगिता और जल संरक्षण पर लोगो को जागरूक किया। इस मौके पर जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंता सिद्धार्थ सिंह एवं अवर अभियंता नवीन कुमार, परविंदर कुमार एवं कार्यदायी संस्था मै. पी. एन. सी. आगरा के वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक गुरु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को नल से जल उपलब्ध कराना है।

## बसपा की सदस्यता लेने पर चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो का किया स्वागत

**दैनिक समाज जागरण**

अलीगढ़। बहुजन समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेने के बाद किसान नेता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो का उनके आवास पींजरी पैंठ पर पहुंचकर क्षेत्र के सर्व समाज के लोगों ने पगड़ी बांधकर स्वागत किया इस दौरान बसपा नेता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने कहा बसपा किसान गरीब मजदूरों की हितेशी पार्टी दूसरी पार्टियों पर कुछ न बोलते हुए उन्होंने कहां उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती जी ने हमेशा किसान गरीब मजदूरों के हित मे कार्य किये उन्हीं की विचारधाराओं का सम्मान रखते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली हे उन्होंने कहा किसान गरीब मजदूरों की मदद करना मेरी पहली प्राथमिकता इस मौके पर चौधरी नरेंद्र सिंह रवि चौधरी अब्दुल्ला खान रईस खान इमरान खान रूपेंद्र जैन योगेश जैन मुनेश यादव विजय सूर्यवंशी चौधरी श्याम सिंह बड़े भाई उदयवीर सिंह नितिन बजरंगी मनोज कुमार मलखान सिंह चौधरी वीरपाल सिंह अचल सिंह अरुण चौधरी सहित क्षेत्र के तमाम किसान नेता मौजूद रहे।

## ऑपरेशन जागृति-4 का प्रचार प्रसार करने की अपील

**दैनिक समाज जागरण**

अलीगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं- बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद, परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। पिछले चरणों में ऑपरेशन जागृति के तहत चार प्रमुख मुददों पर चर्चा की गई थी जिसके अंतर्गत महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा व उनको मोहरा बनाकर झूठी शिकायत, प्रेम संबंधों में किशोर व किशोरियों का घर से पलायन व साइबर हिंसा व उससे बचाव से संबंधित विषयों को चुना गया था। इस बार ऑपरेशन जागृति के 06 उद्देश्य प्रमुखता में है। प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी, बीट इंचार्ज द्वारा अपने द्द अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। आपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी।

# हर घर जल योजना का हुआ उद्घाटन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी**

आज रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खेसीपुर , आदर्श ग्राम परमपुर , कनेरी में जल जीवन मिशन "हर घर जल योजना" अंतर्गत स्थापित नलकूपों



का शुभ उद्घाटन कर खेवसीपुर के 2475 , आदर्श ग्राम परमपुर के 3413 व कनेरी के 3819 लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराकर भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हर घर नल से स्वच्छ जल की प्रतिबद्धता को दशार्ते विधायक रोहनिया डॉक्टर सुनील पटेल ( प्रदेश उपाध्यक्ष अपना दल एस ) ने उद्घाटन किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकुमार वर्मा कार्यालय प्रभारी मानस सिंह जिला अध्यक्ष युवा मंच विनोद पटेल सहित समस्त ग्रामों के ग्राम प्रधान , चल चल विभाग के अपर अभियंता , जेई , एई , सहित एल एण्ड टी लिमिटेड के अधिकारी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# पिण्डरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने गोशाला में कराया पुंगनूर गाय का आगमन, की पूजा-अर्चना

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से पिण्डरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने देश की प्राचीन और दुर्लभ नस्ल की पुंगनूर गाय को अपने क्षेत्र में संरक्षित करने की पहल की है। शनिवार को उन्होंने आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले से मंगवाई गई पुंगनूर नस्ल की दो जोड़ी गायों का अपने कॉलेज परिसर स्थित गोशाला में विधिवत पूजा-पाठ कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने बताया कि पुंगनूर गाय भारतीय परंपरा और इतिहास से जुड़ी हुई है। इसका उल्लेख



ऋग्वेद में भी मिलता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह नस्ल भारत की सबसे पुरानी गायों में से एक है। उन्होंने बताया कि यह गाय अपने छोटे कद, कम जगह में रहने और कम चारे में अधिक लाभ देने के लिए जानी जाती है। पूजन कार्यक्रम में विधायक सपरिवार शामिल हुए, और इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पुंगनूर गाय का दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। कार्यक्रम में आशा एजुकेशनल ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रभात सिंह मिंटू, डॉ. सुरेंद्र नाथ सिंह, ओ.पी. पटेल, शरद पाण्डेय मुन्ना, दीपक यादव, राजेश चौरसिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधायक ने अपील की कि इस प्राचीन नस्ल की गायों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में संरक्षित किया जाए और आमजन भी इनका पालन-पोषण करें। उनका कहना था कि यह गाय न केवल भारतीय संस्कृति की धरोहर है, बल्कि इसका दूध औषधीय गुणों से भरपूर होता है।

# अर्पिता ने किया परिवार का नाम रोशन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी**

बड़ागांव क्षेत्र के हसनपुर गांव निवासी अर्पिता सिंह ने जे ई ई (मेंस) मे



99.98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता रागिनी सिंह,पिता महेश सिंह, बड़े पिता डॉ संजय सिंह जो नवी मुम्बई में डॉक्टर है, अर्पिता मुम्बई में पढ़ाई करके इन सभी का नाम रोशन करते हुए अपने गाँव हसनपुर का नाम रोशन किया' इस उपलब्धि पर ग्राम प्रधान चिंता सिंह,पूर्व प्रधान लव सिंह भाई कुश सिंह सहित अन्य लोगों ने घर पहुंचकर बधाई दी।

# आपरेशन जागृति में छात्राओं को दी सुरक्षा संबंधी जानकारी

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। हरिओम तत्सत विद्यालय नैपई रामगढ़ थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में फिरोजाबाद पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति के फेस चारके तहत शनिवार को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वालंटियर्स को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गईं। आपरेशन जागृति कार्यशाला कार्यक्रम अधिकारी डॉ जफर आलम व दिलीप शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें , क्षेत्राधिकारी तेजस त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुवे, की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य श्यामा चरण उपाध्याय ने की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए है। इसके बाद उपनिरीक्षक सुषमा सिंह ने कार्यक्रम को जारी रखा। जिसके तहत महिला सुरक्षा के विविध उपाय व संसाधनो के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि महिला यदि किसी बुरी परिस्थिति में फंसी हुई है तो उससे किस तरह से बाहर निकल सकती है,



इसकी भी जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी तेजस त्रिपाठी ने सरकार व पुलिस विभाग द्वारा जारी महिलाओं, बालिकाओं को वुमन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 के बारे में जानकारी दी। ये हेल्पलाइन आकस्मिक स्थिति से लेकर कानूनी मदद करने में मददगार हैं। महिला के साथ होने वाले घरेलू हिंसा व सार्वजनिक स्थान पर अराजक तत्व द्वारा की जाने वाली छेडखानी के विरोध में आवाज बुलंद करने और पुलिस में शिकायत करने को प्रेरित किया। अंत में थाना प्रभारी रामगढ़ संजीव दुबे ने बालिकाओं को शिक्षित बन कर राष्ट्र निर्माण के योगदान में बराबर भूमिका निभाने की बात कही। बताया कि बालिका व महिला अपने साथ हुए किसी भी तरह के अत्याचार को न सहे बल्कि उसका विरोध करे। इस अवसर पर उपनिरीक्षक सुषमा सिंह, उपनिरिक्षक सविता भट्टी, कांस्टेबल एदल सिंह , कांस्टेबल सुधीर कुमा के साथ ही विद्यालय का स्टाफ आदि मौजूद रहा।

# दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो सवर्ण महासभा करेगी आंदोलन

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! महासभा के पदाधिकारीयों ने पार्षद से जाना स्वास्थ्य का हाल फिरोजाबाद भारतीय सवर्ण महासभा के पदाधिकारीयो ने संजीव उपाध्याय के नेतृत्व मैं आगरा मे आकाश हॉस्पिटल में गंभीर अटैक पडने से भर्ती भाजपा पार्षद नरेश शर्मा नीटू से मुलाकात की प्रदेश अध्यक्ष संजीव उपाध्याय ने कहा भाजपा पार्षद लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे थे लेकिन एक राजनीति साजिश के तहत उनका खुलेआम नगर निगम में अपमान किया गया अगर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो भारतीय सवर्ण महासभा आंदोलन करेगी अशोक गर्ग, मनीष शर्मा, आकाश शुक्ला, मनोज जैन, अजय उपाध्याय साथ थे!

# प्रभात फेरी निकाल बाबा साहब के चित्र पर किया गया माल्यार्पण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। स्वतंत्रता के अमृत काल मे भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जयंती को उत्सव के रूप में"मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान" के अंतर्गत ग्राम सभा रामेश्वर में प्रभात फेरी रैली निकालकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण ग्राम सचिवालय पर गोष्ठी आयोजित कर उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर चर्चा किया गया। रामेश्वर प्राथमिक विद्यालय प्रथम से प्रधानाध्यपक सत्येंद्र नारायण तिवारी ,पूर्व प्रधान वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि रामप्रसाद, सचिव श्यामनारायण, शिक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में बच्चों ने बैंड बाजे के साथ रैली निकालकर दलित बस्ती में बाबा साहब अमर रहे,हमारा संविधान अमर रहे नारे लगाते बाजार भ्रमण कर ग्राम सचिवालय पहुंचे जहां पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा किया गया।रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथों में टैग लाइन युक्त स्लोगन पोस्टर, बैनर एवं तख्तियां लेकर संविधान, समानता, शिक्षा और अधिकारों से जुड़े नारे लगाते हुए चल रहे थे। प्राथमिक विद्यालय बरेमा में प्रधानाचार्य चंद्र भूषण सिंह और शैलेन्द्र विक्रम और ग्राम सचिवालय रामेश्वर में आयोजित गोष्ठी में सत्येंद्र तिवारी ,रामप्रसाद, विजय गुप्ता, अजीत कुमार,श्यामनारायण, ज्वाला प्रसाद,संजीव तिवारी,अखिलेश सिंह व अमरेंद्र कुमार नेसंविधान के प्रति जागरूकता और बाबा साहब के विचारों और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# तहसील दिवस पर 73 में 9 मामलों का हुआ निस्तारण

**समाज जागरण**
**आशीष कुमार गुप्ता**



बाबतपुर,वाराणसी । पिंडरा तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को कुल 73 मामले आये। जिसमे 9 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस पर सरावा निवासी इमामुद्दीन ने आरोप लगाया कि बिना जमीन का विभाजन किये जबरिया दबंग द्वारा उसकी जमीन पर पम्पिंग सेट लगाया जा रहा है। जिसपर एसओ कपसेठी को जांच का आदेश दिया गया। टिकरी खुर्द निवासी सभाजीत ने न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बावजूद विपक्षी द्वारा उसके जमीन पर कब्जा किया जा रहा है । वही करखियाव निवासी संजय चौहान ने 13 नगद लेने के बाद गांव के ही एक युवक द्वारा दिये चेक का भुगतान न होने व बकाया राशि के भुगतान की गुहार लगाई।जिसपर थानाध्यक्ष को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिए गए। वही कटौना निवासी बुद्धू प्रजापति ने आरोप लगाया कि उसका बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में खाता है। जिसमे 20600 रुपये जमा किये। जब उसे निकालने गया तो तैनात चपरासी द्वारा उसे धक्का देकर बाहर कर दिया गया। जब किसी तरफ प्रबंधक के यहां पहुचा तो पासबुक चढ़ावाया तो उसपर मात्र 3 हजार चढ़ा। पीड़ित ने बैंक पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया। जिसपर एसडीएम ने प्रबंधक को जांच का आदेश दिया। तहसील दिवस के दौरान तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं के तरक्की में ही गाँव के विकास का बड़ा साधन है अशोक कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। भारत के गांव जिस गति से मोदी व योगी के प्रयास के प्रयास से बढ़ रहा है।इससे भारत का स्वर्णिम काल साबित हो रहा है। किसी भी गाँव का विकास वहाँ की मजबूत महिलाओं का संगठन व कौशल होता है। महिलाओं के मान सम्मान व हुनर को बढ़ावा देने के लिए गाँव की बहू कंचन लता विश्वकर्मा को राजापुर बाजार में 'नैना व्यूटी पार्लर' का उद्घाटन कर श्री गणेश कर सम्मानित किया गया। उक्त बातें यू पी कालेज के पूर्व महामंत्री व पूर्व प्रधान गुरवट अशोक सिंह ने महिला ग्राम संगठन के अध्यक्ष श्री मती अनिता सिंह के साथ फीता काटकर पार्लर का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किया। श्री मति अनिता सिंह ने कहा कि वर्तमान में शहरीकरण का प्रभाव गाँवो की ओर बढ़ा है जिसके सिलाई ,कटाई, सहित कुटीर उद्योग बढ़े हैं वहीं सेवा उद्योग में व्यूटी पार्लर का क्रेज दिन ब दिन बढ़ा है।ऐसे में अब गाँव मे इस सुविधा का होना आवश्यक है। उद्घाटन अवसर पर प्रधान ओमप्रकाश प्रजापति,सचिव अमीषा सोनकर, राजकुमारी,पुष्पा, लालमनी, राजेश कुमार, लालमन सहित ग्रामीण लोग उपस्थित रहे। इस सराहनीय प्रयास के लिए पूर्व प्रधान अशोक सिंह को लोगों ने बधाई दी।

# गरीबों को लूटने वालो को जाना पड़ेगा जेल - हंसराज विश्वकर्मा

**नेशनल हेराल्ड को कांग्रेस ने बना लिया अपना एटीएम, भाजपा युवा मोर्चा नेशनल हेराल्ड मामले में जोरदार प्रदर्शन कर सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का फूंका पुतला**

**समाज जागरण**



वाराणसी चितईपुर में नेशनल हेराल्ड घोटालेह्व को लेकर गांधी परिवार के भ्रष्टाचार को बेनकाब करने के लिए एमएलसी/भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के साथ विशाल विरोध प्रदर्शन किया और सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला फूँका। जिसमे प्रमुख रूप से भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमन सोनकर, जिला मंत्री विनोद पटेल, जितेंद्र केशरी, गोपाल प्रधान, नागेंद्र गांधी, गौरव पटेल, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पटेल, गोपाल सिंह, प्रदीप प्रजापति, वीरेंद्र सिंह, गौरव पटेल, सनी पटेल, विजय बिंद, संत लाल तिवारी, गोविंद दास गुप्ता, अनिल पांडे, कुलदीप पटेल, राजू प्रजापति, अजय विश्वकर्मा एवं रामचंद्र गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार चोरी का ई रिक्शा बरामद

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! थाना उत्तर क्षेत्र केगोमती नगर से दो चोरो को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किया गया ई रिक्शा बरामद किया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वांछित अपराधियो की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी के दौरान थाने पर दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त मनोज उर्फ थुइया पुत्र राम महेश निवासी विष्णुपुर थाना सैफई जनपद इटावा, हाल पता सेक्टर 03 राजाराम की मूर्ति टूटी बिल्डिंग के सामने थाना दक्षिण फिरोजाबाद, टिंन्ना उर्फ श्याम पुत्र पृथ्वीराज निवासी रहना नई आबादी इन्द्र नगर लालउ रोड थाना उत्तर फिरोजाबाद, को गोमती नगर में निमार्णाधीन प्लॉट के पास सड़क से गिरफ्तार किया है। पुलिस के द्वारा पूँछ तांछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि ये ई रिक्शा हमने ओम कॉलोनी से चोरी किया था। हम ऐसे ही सुनसान जगहों पर खड़े वाहन देखते है, और उन्हें चोरी कर सस्ते दामों में बेच देते है। और उसके द्वारा मिले रुपयों को अपने शौक मौज में खर्च कर देते है। आज हम ई रिक्शा को बेचने के लिये गोमती नगर में निमार्णाधीन प्लॉट के पास सड़क पर खड़े थे। तभी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया।

# मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल में डायरिया रोग से पीड़ित रोगियों की बढ़ी संख्या

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप ने आमजन मानस को झकझोर दिया है गर्मी के कारण डायरिया पेट दर्द उल्टी और दस्त के रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है रोगियों की संख्या बढ़ने से मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल में सारे वार्ड रोगियों से भरे पड़े है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही ,तापमान में बृद्धि होती जा रही है। वही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। मच्छरों ने लोगो की रात की नींद छीन ली है। वही आम लोग जिनमे बच्चे भी शामिल है। पेट दर्द उल्टी ओर दस्त जैसी रोगों से ग्रसित होकर जिला अस्पताल और सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंच रहे है। रोगियों की संख्या बढ़ने से अस्पताल के सारे वार्ड भरे हुए है। स्वास्थ्य कर्मियों को एक बेड पर दो दो मरीजो को लेटाकर उनका उपचार करना पड़ रहा है। वही उक्त रोगों



से पीड़ित लोग जहाँ ओपीडी में चिकित्सक को दिखाकर दवा लेने को विवश है। दवा वितरण केन्द्र पर योगियों की लंबी लम्बी कतारे लगी हुई मिलती है। जिला अस्पताल का सरकारी ट्रामा सेंटर आये रोगियों में से अधिकांश रोगी वार्डो में जगह न होंवे के कारण ट्रामा सेंटर में घण्टो पड़े रहते है। और प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने को विवश होते है।

# हरहुआ क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाल बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी में उनके कृतित्व को किया गया याद

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी स्वतंत्रता के अमृत काल मे भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जयंती को उत्सव के रूप में"मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान" के अंतर्गत ग्राम सभा रामेश्वर में प्रभात फेरी रैली निकालकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण ग्राम सचिवालय पर गोष्ठी आयोजित कर उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर चर्चा किया गया। प्राथमिकविद्यालयो ,कम्पोजिट विद्यालयों में प्रधानाध्यपक, ग्राम प्रधान ,पंचायत सचिवों के नेतृत्व में बच्चों ने बैंड बाजे के साथ रैली निकालकर दलित बस्ती में बाबा साहब अमर रहे,हमारा संविधान अमर रहे नारे लगाते गांव भ्रमण कर ग्राम सचिवालय पहुंचे जहां पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा किया गया।रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथों में टैग लाइन युक्त स्लोगन पोस्टर, बैनर एवं तख्तियां लेकर संविधान, समानता, शिक्षा और अधिकारों से जुड़े नारे लगाते हुए चल रहे थे। चक्का प्रधान मधुवन यादव ,अनौरा प्रधान दीपक चौहान,घमहापुर प्रधान पवन कुमार सिंह, गुरवट पूर्व प्रधान अशोक सिंह व ओमप्रकाश,बेरवा प्रधान आशीष राजभर,हरहुआ प्रधान अनवर उर्फ अन्नू, मुर्दहा प्रधान रविन्द्र यादव,औरा प्रधान विद्योत्मा व प्रतिनिधि संजय कुमार ,गहनी शशिकला देवी प्रतिनिधि इंद्रजीत राम ने संविधान के प्रति जागरूकता और बाबा साहब के विचारों और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। हरहुआ क्षेत्र के चक्का, करोमा, भटौली , बेरवा, औसानपुर,अनौरा ,हरहुआ ,कोइराजपुर ,घमहापुर ,गुरवट ,पुआरी खुर्द ,औरा ,मुर्दहा ,गहनी,दानुपुर, आयर ,राजापुर सहित अन्य गाँवो में रैली निकालकर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा किया गया। वहीँ रामेश्वर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय व ग्राम सचिवालय पर प्रधानाध्यापक सत्येंद्र तिवारी,पूर्व प्रधान रामप्रसाद, अजीत कुमार ,विजय कुमार गुप्ता,बृजेश मौर्य ,रसुलपुर ग्राम पंचायत के प्रधान कैलाश यादव व सचिव वीरेंद्र कुमार,इंदरपुर, नन्दापुर, वार में भी रैली निकालकर बाबा साहब को विचार व्यक्त कर याद किया गया।

# बेटी के शादी का कार्ड बाटने जा रहे पिता की ट्रक से कुचलने से हुई दर्दनाक मौत

**समाज जागरण**
**आशीष कुमार गुप्ता**



बाबतपुर,वाराणसी । फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा- कथौली मोड़ के समीप शनिवार की सायँ सवा 5 बजे के लगभग टीवीएस बाइक से बेटी के शादी का निमंत्रण बांटने जा रहे युवक की ट्रक से कुचलने से दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के चलते थोड़ी देर तक आवागमन बाधित रहा। बताते है कि सिंधोरा थाना क्षेत्र के अमौत (जेंगर) निवासी मनोज पटेल अपनी बेटी के 3 मई को होने वाली शादी का निमंत्रण पत्र बांटने टीवीएस बाइक से बाबतपुर की तरफ जा रहा था। पिंडरा की तरफ से ज्यो ही वह फोरलेन हाइवे पर चढ़ा तभी पीछे से आ रही तेज गति ट्रक ने उसे कुचल दिया। सिर पर लगा हेलमेट निकल गया। जिससे उसका सिर बुरी तरह कुचल गया और घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद उसकी बाइक भी ट्रक में फंस गई। जिससे ग्रामीणों व पुलिस के मदद से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना परिजनों पर कार्ड पर अंकित नम्बर से दी गई। एक नम्बर उसके साढू भाई दिनेश पटेल का अंकित था। उसने बताया कि मनोज पटेल अपने बेटी की शादी का निमंत्रण पत्र बाटने घर से निकला था। मृतक को चार बेटियां ही है। सबसे बड़ी बेटी संध्या की शादी 3 मई को राजेश पटेल निवासी बिहड़ा के साथ तय हुई थी उसी के तैयारी में पूरा परिवार व रिश्तेदार व्यस्त थे, तभी उक्त घटना होने से माहौल मातम में बदल गया। बेटी संध्या, सोनी व मोनी व आचंल के साथ पत्नी उर्मिला का रो रोकर बुरा हाल था। उनके चीख पुकार सुन लोगो की आंखे भर जा रही थी।पुलिस ने मशक्कत के बीच शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। वही दुर्घटना करने वाली ट्रक को कब्जे में ले लिया। इंस्पेक्टर फूलपुर प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक मनोज पटेल 48 वर्ष अपने बेटी के शादी का कार्ड बाटने जा रहा था तभी उक्त घटना हुई। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। चालक फरार हो गया।

# सभी गेंहू क्रय केन्द्र युद्ध स्तर पर गेंहू खरीद करें : अमित कुमार पांडेय

**समाज जागरण**




वाराणसी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक जौनपुर अमित कुमार पांडेय द्वारा मड़ियाहूँ तहसील अंतर्गत गेंहू क्रय केन्द्र तरती का निरीक्षण किया गया।उनके साथ एडीओ मड़ियाहूँ रत्नेश सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण मे तरती बीपैक्स पर 19 किसानो से 805 कुंटल की खरीद पाई गई। सहायक आयुक्त ने समिति के बड़े किसानो से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हे केन्द्र पर गेंहू बेचने हेतु प्रेरित किया। कुछ देर बाद किसान दयाशंकर सिंह अपना लगभग 50 कुंटल गेंहू लेकर केन्द्र पर पहुंचे जिसकी तौल शुरू कराई गई। सहायक आयुक्त ने केन्द्र प्रभारी द्वारा बनाये गये संपर्क रजिस्टर का अवलोकन किया ।संपर्क रजिस्टर के अनुसार केन्द्र प्रभारी द्वारा 29 किसानो से संपर्क किया गया है। सहायक आयुक्त ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि युद्धस्तर पर अभियान चलाकर प्रतिदिन किसानो से संपर्क करें और मानक के अनुरूप गेंहू खरीद कर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें।

# पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने को लेकर बजरंग दल ने दिया ज्ञापन!

**दैनिक समाज जागरण**




फिरोजाबाद! बफबोर्ड की आड़ में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में किया गया नंगा नाच के साथ बाप बेटा की हत्या करने के बाद हिंदुओं को घर छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया परंतु पश्चिम बंगाल कुछ नहीं कर सकी बल्कि को उन्होंने उन आतातायों की सहायता की इस संबंध में बजरंग दल के कार्यकताओं ने पश्चिम बंगाल को बर्खास्त करने के लिए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सोपा है राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष मोहन बजरंगी AHP ओमप्रकाश दिवाकर जिला महामंत्री बृजेश धनगर एडवोकेट शिकोहाबाद अध्यक्ष सोनू चौधरी जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गोस्वामी मणिकांत पाठक गौ रक्षा जिला अध्यक्ष जिला सह मंत्री प्रतीक राजपूत जिला मंत्री संदेश यादव राहुल पंडित जिला उपाध्यक्ष जसवंत शर्मा बंसी पंडित जिला सह मंत्री विवेक मिश्रा अरविंद शर्मा जिला गौ रक्षा प्रमुख मोहित राराजपूत सह गौ रक्षा आजाद शर्मा योगेश प्रजापति जिला सह गौ रक्षा प्रमुख श्याम सुंदर जिला उपाध्यक्ष प्रशांत चौहान जिला सुरक्षा प्रमुख मोहित बजरंगी सह सुरक्षा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद धर्म यात्रा प्रांत से मंत्री पंडित वीनेश भाई डॉ विष्णु हिंदू हेल्थ लाइन जिला अध्यक्ष राहुल कुलदीप उपाध्याय गौरव सनी धनगर राम प्रजापति ओमवीर राठौर विकास राठौड़ मनोज राजपूत राजनाथ राठौर आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

# भ्रष्टाचार के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद और महिला पार्षद पति के ने नगर निगम में सामूहिक रूप से कराया मुंडन।

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! केंद्र और उत्तर प्रदेश में और फिरोजाबाद के नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार है लेकिन फिरोजाबाद के नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद ही अपनी सरकार के अधिकारियों के विरोध में सामूहिक रूप से नगर निगम परिसर में मुंडन कराने को मजबूर हुए दरअसल पूरा मामला 16 अप्रैल से शुरू हुआ जब वार्ड नंबर 32 के पार्षद नीटू शर्मा भ्रष्टाचार के विरोध में अकेले ही मुंडन कराने नगर निगम पहुंचे थे तो उनको बाल्मिक समाज के लोगों ने नगर निगम से यह कहकर बाहर निकाल दिया कि वह उनके प्रति जातक सूचक शब्द का इस्तेमाल कर रहे थे और उनके खिलाफ थाने में तहरीर भी थी लेकिन इसके दो दिन बाद ही वार्ड नंबर 32 के पार्षद नीटू शर्मा को हार्ट अटैक आ गया और उन्हें आगरा हॉस्पिटल में उपचार के लिए भेजा गया है इसी के विरोध



में ओर नगर निगम में बढ़ते भ्रष्टाचार के विरोध में आज नगर निगम के वार्ड नंबर 25 के भारतीय जनता पार्टी के पार्षद मुनेंद्र यादव, और वार्ड नंबर 11 की पार्षद शशि यादव के पति पंकज यादव ने सामूहिक रूप से नगर निगम परिसर में मुंडन कराया और मुंडन करने वाला व्यक्ति भी वार्ड नंबर 23 से पार्षद आशीष यादव है फिलहाल में अभी मुंडन कराकर पार्षदों ने अपना विरोध जताया है उनका कहना है अगर उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वह आगे फिर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# निरीक्षक ने बिना नंबर प्लेट की खराब खड़ी गाड़ी को किया चालान, चालक गाड़ी लेकर फरार

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। समाज जागरण।**



ओबरा/ सोनभद्र। चोपन रोड पर कमला पेट्रोल टंकी के पास आज एक अप्रत्याशित घटना घटी। खनन विभाग के एक जागरूक निरीक्षक ने बिना नंबर प्लेट की एक संदिग्ध गाड़ी को पकड़ा, लेकिन पड़ताल के उपरांत उसे चालान कर दिया गया।
सूत्रों के अनुसार, खनन निरीक्षक अपने नियमित क्षेत्र निरीक्षण में थे। इसी दौरान कमला पेट्रोल टंकी के समीप खड़ी एक ऐसी गाड़ी उनकी नजरों में आई, जिस पर नंबर प्लेट अनुपस्थित थी। जब निरीक्षक ने पूछताछ की, तो गाड़ी के चालक ने दावा किया कि वाहन चालू हालत में नहीं है, इस प्रकार उसने निरीक्षक को भ्रमित करने का प्रयास किया।
हालांकि, निरीक्षक को ड्राइवर के कथन पर संदेह हुआ और उन्होंने एक मिस्त्री को बुलाकर गाड़ी की तकनीकी जांच कराने का निर्णय लिया। इस बीच, चालक ने चालाकी दिखाते हुए मिस्त्री को भी यह विश्वास दिला दिया कि गाड़ी को चालू करना संभव नहीं है। इस परिस्थिति में, निरीक्षक ने नियमों का पालन करते हुए गाड़ी का चालान कर दिया और अपने अगले निरीक्षण स्थलों की ओर प्रस्थान कर गए।
लेकिन इस घटनाक्रम में एक चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब निरीक्षक के घटनास्थल से रवाना होने के कुछ ही समय बाद, वही बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ी अचानक स्टार्ट हो गई और तेजी से वहां से चली गई।
स्थानीय निवासियों ने इस कार्रवाई पर अपनी राय व्यक्त की है। कुछ लोगों ने बिना नंबर प्लेट की गाड़ी के विरुद्ध की गई कार्रवाई की प्रशंसा की है। आम नागरिकों का कहना है कि नंबर प्लेट न होने के कारण दुर्घटना की स्थिति में वाहन की पहचान करना अत्यंत कठिन हो जाता है, जिससे आम जनता को असुविधा होती है। वे उम्मीद जता रहे हैं कि प्रशासन इस प्रकार के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाएगा।
यह ध्यान देने योग्य है कि पेट्रोल पंप के आसपास दो छोटे बच्चों के स्कूल स्थित हैं, जिसके कारण ऐसी संदेहास्पद गाड़ियों की आवाजाही से बच्चों के मन में भय का वातावरण बना रहता है। इस घटनाक्रम को हाल ही में प्रकाशित उन खबरों के परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है, जिनमें अवैध खनन और बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों के इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की गई थी। खनन विभाग के उच्च अधिकारियों ने इस मामले पर गंभीरता से ध्यान दिया है और जांच की बात कही है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया है कि भविष्य में ऐसे मामलों में और अधिक सतर्कता बरती जाएगी ताकि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# विश्व हिंदू परिषद का पश्चिमी बंगाल सरकार के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## ममता सरकार बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग।

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी। दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के साथ हुई अमानवीय कृत्य को लेकर देश भर के लोगों में पश्चिम बंगाल के सरकार के खिलाफ उबाल देखने देखने को मिल रहा है। हिंसा प्रभावित परिवारों की जो पीड़ा का वीडियो सामने आया है उसने दिल झकझोर कर रख दिया है। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के साथ हुए अमानवीय व्यवहार को लेकर सोनभद्र में विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने एकत्रित होकर राष्ट्रपति के नामित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और ज्ञापन सौंप कर मांग की गई कि पश्चिम बंगला की सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाए और राज्य में सेना तैनात की जाए जिससे हिन्दू अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सके। ममता बनर्जी चाहती है कि राज्य से हिंदुओ का पलायन हो इसलिए वो हिंसा प्रभावित जिलों में एन आई ऐ की जांच की मांग से बच रही है। विश्व हिंदू परिषद के काशी प्रांत के प्रसार प्रमुख नरसिंह त्रिपाठी ने बताया कि वक्फ बिल को माध्यम बनाकर हिंदू समाज को लक्ष्य करके जो हिंसा मुर्शिदाबाद में की गई है। उसके लिए हम एकत्र हुए थे। हम लोगों की मांग है कि पश्चिम बंगाल की सरकार को बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और हिन्दू समाज की सुरक्षा के लिए वहां सेना तैनात की जाए। क्योंकि हिंदू समाज वहां कम संख्या में रहता है। मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य करने का प्रयत्न ममता बनर्जी का चल रहा है। राष्ट्रपति महोदय से हमारी मांग है कि वहां की सरकार को भंग करके। बांग्लादेश से सटी सीमा को बैरिकेडिंग कर बंद किया जाए। वहां से आतंकवादी आकर उपद्रव करते है। ममता बनर्जी को कहना चाहता हूं कि वह कहती यह सुनियोजित हिंसा है यह हिंसा बांग्लादेशियों ने किया है और यह अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है। तो फिर वह एन आई ए से क्यों नहीं मांग करती है कि इसकी जांच हो। आप हिंसा की मांग भी नहीं कर रही है। आतंकवादियों का साथ भी दे रही है। इतना ही नहीं राहत सामग्री पहुंचने वाले सामाजिक संगठन पर प्रतिबंध लगाकर कह रही है कि दीजिए हम राहत सामग्री भेजेंगे। जबरदस्ती शिविर में जान बचाकर रहने वाले हिंदुओं को कह रही हैं तुम लोग मुर्शिदाबाद जाओ। जान बूझकर हमलावरों के सामने हिंदुओ को पुनः परोसने की सुनियोजित साजिश ममता बनर्जी पर रचना चाहती हैं। इसलिए हम इस कृत्य की भर्त्सना करते हैं और राष्ट्रपति से मांग करते हैं सरकार तत्काल को बर्खास्त करके पश्चिम बंगाल में सेना तैनात की जाए।

# पूर्वांचल प्रदेश का गठन कर, भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक स्वतंत्रता दी जाए

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। अलग पूर्वाचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा की एक बैठक तहसील प्रांगण में अधिवक्ता भवन में दिन 11 बजे वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, संचालन अधिवक्ता राजेश कुमार मौर्य ने किया ! राष्ट्रीय महासचिव पवन



कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि आजादी के वक्त देश की जनसंख्या 36.10 करोड़ थी आज देश की आबादी 135 करोड़ से भी अधिक है जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 23 करोड़ के लगभग है और उसमें पूर्वांचल की जनसंख्या करीब 9 करोड़ से अधिक है लेकिन जिस अनुपात से जनसंख्या बढ़ी उस हिसाब से संसाधन, रोजगार, सामाजिक विकास, समान अवसर और शासन का विकेंद्रीकरण नहीं हुआ जो कि होना चाहिए था इसलिए पूर्वांचल निवासियों के आशाओं के निमित्त पूर्वांचल प्रदेश का गठन कर भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक व राजनीतिक संरक्षण प्रदान किया जाए ! राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप जायसवाल ने कहा कि पूर्वांचल के 28 जिले अति पिछड़े हुए है। यहां के युवाओं को रोजगार के लिए दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई और गुजरात की शरण लेनी पड़ रही हैं इसके बाद भी पूर्वांचल उपेक्षा का शिकार है। पलायन तभी रुकेगा जब अलग पूर्वाचल राज्य होगा, इसलिए पूर्वांचल को पृथक राज्य का दर्जा मिला चाहिए।
बैठक में कामता प्रसाद यादव, बीपी सिंह, काकू सिंह, रमेश चंद्र सिंह, मोइनुदिन शेख, सुधीर कुमार, नवीन पांडेय, संतोष चतुवेर्दी, श्याम शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे !

# बिल्ली रेलवे स्टेशन के आसपास के रहवासियों ने रेलवे प्रशासन के सामने रखी समस्याएं

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**




ओबरा/ सोनभद्र। तहसील ओबरा क्षेत्र के अंतर्गत बिल्ली रेलवे स्टेशन पर व्याप्त घोर अंधेरा, विकलांग शौचालय का अधूरा निर्माण कार्य, पीने के पानी की अनुपलब्धता और सामान्य शौचालयों पर ताला लगे रहने से यात्रियों और स्थानीय लोगों का जीवन दूभर हो गया है। स्टेशन के कुछ हिस्सों में नाममात्र की रोशनी है, जबकि उत्तरी दिशा के कई महत्वपूर्ण क्षेत्र अंधकार में डूबे रहते हैं। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के ओबरा क्षेत्र स्थित बिल्ली रेलवे स्टेशन की यह गंभीर समस्या यात्रियों के लिए कष्ट का कारण बनी हुई है। उचित प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण बिल्ली रेलवे स्टेशन असामाजिक तत्वों और नशाखोरों का सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, अंधेरे का फायदा उठाकर स्टेशन से कोयला चोरी की घटनाएं भी आम हो गई हैं, जिससे रेलवे को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।इसके अतिरिक्त, विल्ली स्टेशन पर महिला और पुरुष यात्रियों के लिए बने सामान्य शौचालयों पर अक्सर ताला लटका रहता है, जिससे यात्रियों को खुले में शौच आदि के लिए मजबूर होना पड़ता है। स्टेशन पर पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है, जिससे यात्रियों, खासकर गर्मी के मौसम में, भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।
विल्ली स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन पर जब यात्री उतरते हैं, तो पूरे स्टेशन पर अंधेरा छाया रहता है, जिससे यात्रियों को अपने सामान की सुरक्षा की चिंता सताती रहती है। साथ ही, जंगली जानवरों और विषैले जीवों का खतरा भी मंडराता रहता है। शौचालय की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद, उनमें ताला लगे रहने और पानी की कमी के कारण यात्रियों को खुले में शौच करने और प्यासे रहने के लिए विवश होना पड़ता है, जो स्वच्छता, स्वास्थ्य और मानवीय गरिमा के विरुद्ध है।
स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देने और ठोस कार्रवाई करने की पुरजोर गुहार लगाई है। उनकी प्रमुख मांगें हैं कि स्टेशन पर पर्याप्त और प्रभावी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, अधूरे पड़े विकलांग शौचालय के निर्माण कार्य को तुरंत पूरा किया जाए, सामान्य शौचालयों से ताले हटाए जाएं और स्टेशन पर पीने के पानी की सुलभ व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही, स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जाए ताकि अंधेरे के कारण बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और यात्रियों को एक सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

# राहुल और सोनिया गांधी का पुतला फूंकने पर कांग्रेस कार्यकताओं का प्रदर्शन, मुकदमा दर्ज करने की मांग

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी। दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। सोनभद्र जिले के राबट्र्सगंज स्वर्ण जयंती चौक पर एक दिन पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला फूंकने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। उनकी गिरफ्तारी और मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने शनिवार को जमकर प्रदर्शन किया।जिला मुख्यालय स्थित स्वर्ण जयंती चौक पर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे और ज्ञापन देने जा रहे कांग्रेसी कार्यकताओं को रोकने का प्रयास किया। एक घंटे तक चले हंगामे के बीच मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कालू सिंह ने कांग्रेस कार्यकताओं से ज्ञापन लेकर मामले को शांत कराया।
शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकताओं ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला फूंका था, जिससे आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और पुतला दहन करने वाले भाजपा नेताओं पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर भारी हंगामा किया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोकने की कोशिश की, लेकिन वे रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पहुंचकर विरोध जताने में सफल रहे।
वहां मौजूद एएसपी कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी (सीओ) चारु द्विवेदी और कोतवाल सत्येंद्र राय ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोककर वार्ता की और जल्द ही मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया।
जिला प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा बौखला गई है। राहुल गांधी किसानों, नौजवानों, मजदूरों, महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। मोदी सरकार और योगी सरकार बदले की भावना से सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर हमारे नेताओं को परेशान कर रही हैं। भाजपा नेताओं ने हमारे नेताओं का पुतला फूंका, जिससे पूरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। यदि पुतला फूंकने वालों पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं।

## शिकायतों के निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

**दैनिक समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**

सोनभद्र। दिनांक 19.02.2025 को ‟सम्पूर्ण समाधान दिवस‟ के अवसर पर जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा संयुक्त रूप से तहसील सदर पर जन शिकायतों को सुना गया तथा ‟सम्पूर्ण समाधान दिवस‟ के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया।



साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में पड़ने वाले तहसील पर ‟सम्पूर्ण समाधान दिवस‟ के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने अभियुक्त को गिरफतार कर मा० न्यायालय किया गया रवाना।

**दैनिक समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 212/25 धारा 333,64(1), 352, 351(3) बीएनएस व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वाँछित अभियुक्त ज्ञानप्रताप सिंह पुत्र भानु प्रताप सिंह निवासी कताई रजई थाना लालगंज जनपद मीरजापुर उम्र करीब 23 वर्ष को दिनांक 18.04.2025 को आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली कटरा जनपद मीरजापुर उसके बहन के घर से समय करीब 21.30 बजे रात्रि में गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।



# पुलिस सहायता केंद्र में ताला लटकने पर, पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति के नगर अध्यक्ष और महासचिव ने तहसील दिवस पर ओबरा के उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें शारदा मंदिर चौराहे पर स्थित पुलिस सहायता केंद्र में वर्षों से ताला लटकने के मुद्दे को उठाया गया। समिति ने बताया कि नगर पंचायत के चोपन रोड स्थित शारदा मंदिर चौराहे पर बने पुलिस सहायता केंद्र पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। इस कारण स्थानीय निवासियों और इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों में कई प्रकार को लेकर डर का माहौल बना हुआ है। इस महत्वपूर्ण स्थान पर पुलिस की गैर-मौजूदगी के चलते असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जब यह पुलिस सहायता केंद्र बना था, तो शुरूआती एक-दो साल तक पुलिसकर्मी यहां तैनात रहे, लेकिन उसके बाद से यह ज्यादातर समय बंद ही रहता है। लगभग 13 साल बीत चुके हैं और तब से इसे दोबारा खोलने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि पुलिस सहायता केंद्र के खुलने से क्षेत्र में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित होगा और चोरी जैसी घटनाओं पर भी लगाम लगेगी। वर्तमान में शारदा मंदिर चौराहे पर पुलिस कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण यातायात नियमों का उल्लंघन आम बात हो गई है, जिससे चोपन रोड पर दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। निवासियों का कहना है कि जब पुलिसकर्मी इस सहायता केंद्र पर तैनात थे, तो किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होती थी और यदि कोई घटना होती भी थी, तो तुरंत कार्रवाई की जाती थी। पुलिस सहायता केंद्र की मौजूदगी से राहगीरों और स्थानीय लोगों को चोरी, छिनौती और यातायात नियमों के उल्लंघन जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी और नगरवासी अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे। पुलिस सहायता केंद्र से कुछ ही दूरी पर बच्चों के स्कूल भी स्थित हैं, और केंद्र के चालू होने से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाया जा सकेगा, जिससे छात्रों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। स्थानीय निवासियों ने शासन-प्रशासन से पुरजोर अपील की है कि शारदा मंदिर चौराहे पर स्थित इस पुलिस सहायता केंद्र को जल्द से जल्द फिर से खुलवाया जाए, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कायम हो सके। स्थानीय लोग इसके लिए हमेशा आभारी रहेंगे।

# शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित- मण्डलायुक्त।

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अप्रैल महीने के तीसरे शनिवार को ‟‟सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन में घोरावल तहसील में आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया, इस दौरान मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर शिकायतों का निस्तारण किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह ने भी मौके पर शिकायतकताओं की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किये। आज घोरावल सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 79 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 10 मामले निस्तारित हुए, बाकी 69 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

# स्कूली बच्चों को दिया गया अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील। दैनिक समाज जागरण**

शक्तिनगर/ सोनभद्र। राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह 2025 के अवसर पर एनटीपीसी रिहन्द में सीआईएसएफ की अग्निशमन इकाई के द्वारा केंद्रीय विद्यालय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीआईएसएफ के निरीक्षक/अग्नि कैलाश चन्द्र गोरा एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को आग लगने के कारण, आग के विभिन्न वर्गीकरण



एवं उसे बुझाने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के फायर एक्स्टिंग्यूशर के प्रयोग की विधि भी व्यावहारिक रूप से समझायी गई। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शन कर उनके उपयोग और महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भी फायर एक्स्टिंग्यूशर चलाकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य लालसा साहा द्वारा एनटीपीसी रिहन्द सीआईएसएफ की अग्निशमन टीम को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक/अग्नि कैलाश चन्द्र गोरा ने सभी विद्यार्थियों को अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी एवं ऐसे किसी भी आपातकालीन स्थिति में घबराए बिना त्वरित वह सुरक्षा कदम उठाने की सीख दी।

# क्रेशर व्यवसायियों के हित में छात्र नेता ने उप जिलाधिकारी से की, न्यायोचित कार्रवाई की मांग

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। ओबरा क्षेत्र में संचालित क्रेशर इकाइयों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तात्कालिक जांच एवं दंडात्मक कार्रवाइयों के संदर्भ में छात्र नेता अभिषेक अग्रहरी ने माननीय उप जिलाधिकारी, ओबरा को एक गंभीर पत्र सौंपा है। पत्र में उन्होंने क्रेशर संचालकों के साथ हो रहे अन्याय और मनमाने तौर पर की जा रही कठोर कार्रवाई पर गहरी चिंता व्यक्त की है।
प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि 2 अप्रैल 2025 को जिलाधिकारी कार्यालय से निर्गत आदेश संख्या 15/पी०ए०डी०एम०झप्रशांत टीम/2025 के अंतर्गत प्रदूषण नियंत्रण की जांच हेतु गठित विशेष टीम द्वारा बिना पूर्व सूचना और मानकों की स्पष्ट जानकारी दिए, सीधे दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है, जिससे व्यवसायियों को भारी आर्थिक और मानसिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।अभिषेक अग्रहरी ने तीन मुख्य मांगें रखी हैं: क्रेशर संचालकों को प्रदूषण नियंत्रण संबंधी मानक लिखित रूप में उपलब्ध कराए जाएं।
सुधार हेतु एक निर्धारित समयसीमा प्रदान की जाए।
तत्काल प्रभाव से अब तक की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाई जाए, ताकि व्यवसायियों को समुचित अवसर मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि निर्धारित अवधि के बाद कोई इकाई मानकों का उल्लंघन करती पाई जाती है तो उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि प्रशासन की कार्यवाही न्यायोचित, पारदर्शी एवं संतुलित बनी रहे।
अंत में उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया कि इस प्रकरण में संवेदनशीलता के साथ विचार कर, क्रेशर व्यवसायियों के हितों की रक्षा हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश शीघ्र जारी किए जाएं।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार तीन नवयुवकों की मौत

**विनोद कुमार सिंह/ दैनिक समाज जागरण**




चोपन/ सोनभद्र। चोपन थाना परिक्षेत्र के अन्तर्गत पटवध नारायन पेट्रोल पम्प के समीप शुक्रवार रात 9 बजे के लगभग अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई।
प्राप्त समाचार के अनुसार बेलछ ग्राम सभा से तीन नवयुवक एक शादी सामारोह में कोटा बारात में जा रहे थे कि इसी दौरान पटवध नायरा पेट्रोल पम्प के समीप तेज रफ्तार से जा रही अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार लक्ष्मण 20 वर्ष पुत्र विश्वनाथ गौड़, छोटु गौड़ 15 वर्ष पुत्र महेन्द्र गोड़, चन्द्रशेखर गौड़ 16 वर्ष पुत्र लल्लू गौड़ सभी निवासी ग्राम सभा बेलछ से कोटा बारात में जा रहे थे, सभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। मौके पर पहुंची चोपन पुलिस सभी घायलो चोपन सीएचसी चिकित्सालय ले गए जहा डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

# लू के प्रकोप से बचाएंगे रोचक हिंदी कार्टून

लखनऊ, 19 अप्रैल : उत्तर प्रदेश में बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप से बचाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर व्यापक जनजागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए) ने एक विशेष योजना तैयार की है। जिसके तहत रोचक हिंदी कार्टून फिल्म, पोस्टर, पैम्फलेट और विनाइल बोर्ड के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाएगा। हीट वेव, आगजनी, वज्रपात जैसी आपदाओं से निपटने के लिए यह अभियान प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा। विशेष रूप से तैयार की गई हिंदी कार्टून फिल्म लू से बचें और बचाएं के जरिए बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को सरल व मनोरंजक तरीके से सुरक्षा उपाय बताए जाएंगे। प्राधिकरण की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में कार्यशालाएं आयोजित कर पोस्टर एवं पैम्फलेट के जरिए लोगों को लू से बचाव की जानकारी दी जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर लगातार संदेश साझा किए जाएंगे।

# ईपीएस 95 पेंशनर्स में रोष पति पत्नी को निशुल्क चिकित्सा सुविधा दिये जाने की मांग

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। पीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति बरेली मंडल बरेली की मासिक बैठक प्रान्तीय समन्वयक जय रूप सिंह परिहार की उपस्थिति और मंडल अध्यक्ष ओ पी शर्मा की अध्यक्षता में पुराने रोडवेज बस स्टेशन बरेली पर आयोजित हुई।



बैठक में लगभग 78 लाख ई पी एस 95 पेंशनर्स सरकार द्वारा की जा रही अपनी उपेक्षा और न्यूनतम पेंशन वृद्धि के संबंध में बार - बार आश्वासन मिलने व लम्बी प्रतीक्षा के बाद भी अभी तक सरकार द्वारा उनकी चार सूत्रीय मांगों पर कोई घोषणा नहीं किये जाने के कारण उनमें भारी रोष ब्याप्त हैं।

बैठक में प्रान्तीय समन्वयक जय रूप सिंह परिहार ने अपने सम्बोधन में कहा कि ईपीएस 95 के पेंशनर्स में इस बात को लेकर गुस्से में हैं सांसदों ने बिना किसी मतभेद के अपने वेतन झ भत्तों में वृद्धि के प्रस्ताव पारित कर लिये लेकिन अल्प पेंशन भोगियों की मांगों की प्रधानमंत्री द्वारा निरंतर अनदेखी कर रहे हैं। इस संबंध में उनकी मांगों को नेता प्रतिपक्ष द्वारा भी संसद में नहीं उठाया जाना विपक्ष के पद की गरिमा के विपरीत है साथ ही कुछ विधानसभाओं ने भी अपने प्रदेश के विधायकों के वेतन झ भत्तों में भारी वृद्धि कर ली है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ओ पी शर्मा ने कहा कि भारत सरकार के बार बार दिये गए कोरे आश्वासनों के रवैये से हम पेंशनर्स खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने पेंशनर्स की न्यूनतम पेंशन 7500/- + डी ए, और पति झ पत्नी को निशुल्क चिकित्सा सुविधा दिये जाने की मांग नहीं मानी तो हमारा संगठन ठोस निर्णायक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा और उसकी सारी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी।

प्रांतीय उपाध्यक्ष चिरंजीव गौड़ ने पेंशनर्स से कहा कि किसी के बहकावे में नहीं आयें और अपनी एकजुटता में रहें। राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत के नेतृत्व में हमें शीघ्र ही सफलता मिलेगी, ऐसा पूर्ण विश्वास है।

उमेश चन्द्र जौहरी मंडल महासचिव ने विचार व्यक्त करते हुए पेंशनर्स से अधिकाधिक संख्या में राष्ट्रीय संघर्ष समिति का सदस्य बनने की अपील की।

बैठक को बरेली मंडल के चारों जिलों से आये बिभिन्न विभागों के सैकड़ो की संख्या को सर्व आर के मिश्रा, सुशील कुमार सक्सेना, तेज प्रकाश अरोरा, डी सी वर्मा, आर पी मिश्रा आदि ने सम्बोधित किया।बैठक का सफल संचालन आर एस गुप्ता संगठन मंत्री ने किया । मंडल अध्यक्ष ओ पी शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नागरिक सुरक्षा नगर द्वारा अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। नागरिक सुरक्षा के उप नियंत्रक राकेश कुमार मिश्र के निदेर्शानुसार डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत वशिष्ठ व सहायक उप नियंत्रक प्रमोद डागर सर के प्रोत्साहन पर श्री अलखनाथ प्रभाग की पोस्ट इज्जत नगर द्वारा पाकड़ पार्क पर अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ डिप्टी डिवीजनल वार्डन अन्जय अग्रवाल ने आग के सिद्धांत व आग बुझाने के तरीके स्थानीय निवासियों को बताये स्टाफ आफिसर हरीश भल्ला ने आग के प्रकार के विषय में बताया आई. सी. ओ. कंवलजीत सिंह ने बताया कि गैस सिलेंडर की आग को कैसे बुझाया जाता है कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारे मुख्य अतिथि अन्जय कुमार अग्रवाल डिप्टी डिवीजनल वार्डन, हरीश कुमार भल्ला एसो. फायर कंवल जीत सिंह आई सी ओ, राजीव छाबड़ा पोस्ट वार्डन हरपाल मौर्य, विशाल सक्सेना डिप्टी पोस्ट वार्डन संजीव अवस्थी संजय वर्मा जी सेक्टर वार्डन , पोस्ट वार्डन रिजर्व पवन कालराजी डिप्टी पोस्ट वार्डन नीतू द्विवेदी पोस्ट शास्त्री नगर विजय कुमार सक्सेना सेक्टर वार्डन राजेश कुमार शाक्य, डिप्टी पोस्ट वार्डन , जय वीर सिंह, मोहम्मद शोएब खान, मोहम्मद कोनेन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डिप्टी डिवीजनल वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।



# आधी रात को तेज आंधी और बारिश, पेड़ गिरे, बिजली गुल

### - आंधी और बारिश के चलते दस घंटे से बिजली गायब

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। पूवार्नुमान के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते बीती रात तेज आंधी और बारिश हुई। इससे आसपास के पेड़ गिर गए बिजली की लाइन, खंभे और तार टूट गए। झमाझम बारिश होने के बाद तापमान अचानक नीचे आ गया है। सुबह मौसम में नमी महसूस की गई। मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइट आईएमडी ने आगामी दो दिन तक फिर से आंधी बारिश की तरफ अलर्ट किया है। जैसा कि पूवार्नुमान था। शुक्रवार की रात 11:30 बजे से तेज हवाएं चलनी शुरू हुई। फिर इन हवाओं ने आंधी का रूप ले लिया। धूल के गुब्बारे उठे। उसके बाद झमाझम बारिश हुई। बरेली और आसपास के इलाकों में तेज आंधी और बारिश की वजह से सड़क के किनारे खड़े तमाम पेड़ गिर गए। इससे बिजली की लाइन और पोल गिरने से सप्लाई हो गई। शहर के अधिकांश इलाकों में पूरी रात बिजली नहीं आई। इनवर्टर भी जबाव दे गए। बिजली सप्लाई ठप होने से नगर निगम की पानी सप्लाई भी बाधित हुई। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं ने पूरे शहर की यातायात व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। बहरहाल, मौसम विशेषज्ञों ने आगामी 2 दिन तक तेज आंधी और बारिश होने की संभावना व्यक्त । करते हुए अलर्ट जारी किया है।

**तापमान में गिरावट होने से भीषण गर्मी से राहत**

तेज आंधी और बारिश के बाद तापमान में 04.0 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। सुबह का तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 37.01 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक डॉअतुल अग्रवाल का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर अभी बना हुआ है। इसके चलते शनिवार से सोमवार तक बादल छाए रहेंगे। दिन में तेज हवाएं चलेंगी। फिर से कभी भी आंधी और बारिश हो सकती है।

**आंधी और बारिश के चलते दस घंटे से बिजली गायब**

बीती रात तेज आंधी और बारिश के चलते शहर के अधिकांश इलाकों में बिजली की सप्लाई ठप करदी गई। शुक्रवार रात 11:30 बजे से लेकर शनिवार सुबह 8:00 बजे तक बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो सकी। बिजली न आने से नगर निगम में पानी की सप्लाई भी बाधित हुई। शहर के अधिकांश इलाकों में आम जनता को पीने के पानी के संकट से गुजरना पड़ा। पावर कॉरपोरेशन के मुताबिक शहर के सिविल लाइंस, किला, डेलापीर, कोहाड़ापीर, राजेंद्र नगर, डीडीपुरम, कुतुबखाना, मणिनाथ, हरुनगला, जगतपुर, सीबीगंज, कर्मचारी नगर, इज्जत नगर, नैनीताल रोड, मॉडल टाउन रोड, चौपला, जीआईसी, जीजीआईसी, पवन विहार, मॉडल टाउन, मॉर्डन सिटी, सैलानी सिंधु नगर, पुराना शहर समेत शहर और ग्रामीण इलाकों में बिजली सप्लाई ठप रही। 33 केवीए की आधा दर्जन लाइनें ब्रेकडाउन हुई। बिजली सप्लाई ठप होने से शहर में 6 लाख से ज्यादा की आबादी प्रभावित हुई।

# विहिप का जोरदार प्रदर्शन: ममता बनर्जी का पुतला दहन, राष्ट्रपति शासन की मांग

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। पश्चिम बंगाल में बढ़ती हिंसा, धार्मिक असहिष्णुता और कथित हिंदू विरोधी नीतियों को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शनिवार को बरेली में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका और केंद्र सरकार से राज्य में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।



प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में विहिप कार्यकर्ता मुख्यालय पर एकत्रित हुए। उनके हाथों में बैनर, झंडे और नारों से भरे पोस्टर थे, जिनमें ममता सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज किया गया था। कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और हिंदू समाज को निशाना बनाकर उत्पीड़न किया जा रहा है।

विहिप पदाधिकारियों ने बरेली प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें पश्चिम बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार राज्य में धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा दे रही है, जिससे हिंदुओं की सुरक्षा और अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात किया था। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखा।

विहिप नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो यह आंदोलन देशभर में और अधिक व्यापक रूप से चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पश्चिम बंगाल की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक और धार्मिक सुरक्षा का मुद्दा है। प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए ज्ञापन को स्वीकार किया और उसे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

दिव्य चतुर्वेदी और आशु अग्रवाल ने कहा कि वक्फ बिल कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण पश्चिम बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताडित किया जा रहा है. राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है। जेहादी भीड़ ने हिंदुओं के 200 से अधिक घरों और व्यावसायिक दुकानों को लूटकर जलाया, सैकड़ों हिंदुओं को बुरी तरह घायल किया व तीन नागरिकों की निर्मम हत्या की गई। दर्जनों महिलाओं के शीलभंग भी किए गए। परिणाम स्वरूप 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा। ममता बनर्जी दंगा भड़काने वाले इमामो से मिल रही है जिनमें से एक इमाम ने एक दिन पहले ही धमकी दी थी कि ह्वअगर ममता बनर्जी ने उनका साथ नहीं दिया तो वह उसकी औकात बता देंगे।

इस घटनाक्रम ने एक बार फिर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सियासी टकराव को उजागर कर दिया है और पश्चिम बंगाल की स्थिति को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस छेड़ दी है।

प्रदर्शन के दौरान मानवेन्द्र प्रताप सिंह , दिव्ये चतुर्वेदी एडवोकेट, विकास सोमवंशी , संजय भदौरिया, दुर्गेश कुमार गुप्ता ,अभिनाश मिश्रा, बाबूराम गंगवार , नीरू भारद्वाज, धर्मेन्द्र सिंह , त्रिभुवन सिंह, डा हिमांशु अग्रवाल, डा गणिकान्त शर्मा , पूनम भल्ला समाजसेवी ,योगी सरोजनाथ , गिरीश गोस्वामी, इंद्र प्रकाश गोस्वामी, केके शंखधार आदि मौजूद थे।

# तेंदुए का आतंक: किसान पर हमला, इलाज के दौरान मौत, ग्रामीणों में दहशत

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। जिले में तेंदुए के हमले ने एक बार फिर ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। क्योलड़िया क्षेत्र के गांव बिहारीपुर अब्दुल रहमान में शुक्रवार दोपहर एक तेंदुए ने खेत में गन्ने की सिंचाई कर रहे किसान अरविंद कुमार पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अरविंद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ से उसे निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया है , लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना ने इलाके में वन्यजीवों के बढ़ते खतरे को उजागर कर दिया है।



प्रभागीय वनाधिकारी वन एवं वन्य जन्तु अधिकारी (आईएफएस ) दीक्षा भंडारी ने शनिवार को घटनास्थल का भ्रमण करने के बाद बताया कि रात में भीषण बारिश के कारण किसान पर हमला करने वाले किसी वन्य जंतु के पद चिन्ह नहीं मिले हैं। घटनास्थल के पास नदी और पीलीभीत टाइगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण तेंदुआ या लकड़बग्घा द्वारा किसान पर हमला किया जा सकता है। पूरे क्षेत्र में ड्रोन कैमरे का संचालन किया जा रहा है। क्षेत्रीय जनता से बात की गई है यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि हमला करने वाला वन्य जंतु कौन है। दीक्षा भंडारी ने बताया कि क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गाँव बिहारीपुर अब्दुल रहमानपुर में एक किसान अरविंद कुमार 40 खेत पर सिंचाई कर रहा था, चार टीमों को लगाया गया है। राजस्व और पुलिस को लगाया गया है। किसी वन्य जीव का एक भी पदचिह्व नहीं मिला है। वन्य जन्तु ने किसान के चेहरे पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप चेहरा पूरी तरह विकृत हो गया है । क्षेत्र में मुनादी कराई जा रही है कि फिलहाल खेतों में अकेले न जाए। क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम बहुत मुस्तादी से हमला करने वाले वन्य जन्तु की तलाश कर रही है।

**ग्रामीणों में डर का माहौल**

ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार रात को गांव मेथी नवदिया रोड पर भी तेंदुआ देखा गया था। लगातार तेंदुए की मौजूदगी से इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीण खेतों में काम करने से डर रहे हैं, खासकर सुबह और शाम के समय। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और अकेले खेतों में न जाने की सलाह दी है।

# जिला अस्पताल में बेड की मारामारी, हर वार्ड फुल, गर्मी बढ़ते ही हालात हो सकते हैं और खराब

### - एक बेड पर दो-दो बच्चे भर्ती करने नौबत, भीषण गर्मी में हालात होंगे खराब

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। भीषण गर्मी का प्रकोप अभी दूर है, लेकिन बीमारियों ने तेजी से लोगों को अपनी गिरफ्त में लेना आरंभ कर दिया है। आलम ये है कि जिला अस्पताल की ओपीडी और आईपीडी में बीते साल मार्च की तुलना में इस साल मार्च माह में दस फीसदी का इजाफा हो गया है। जिला अस्पताल के सभी 326 बेड फुल हो गए हैं। अचानक बढ़ी मरीजों की संख्या से अस्पताल प्रबंधन में भी खलबली मच गई है। 40 बेड और बढ़ाने की व्यवस्था की जा रही है।



जिला अस्पताल से मिली रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में मार्च माह में कुल 2012 मरीज भर्ती हुए और 31412 मरीजों को ओपीडी में उपचार दिया गया था लेकिन इस वर्ष मार्च से अप्रैल 10 तक 4034 मरीज भर्ती हो चुके हैं। वहीं ओपीडी में रिकॉर्ड 49802 मरीज इलाज के लिए पहुंचे हैं।

जिला अस्पताल में कुल 14 वार्ड हैं। वर्तमान में इमरजेंसी के सभी 24, हार्ट वार्ड के 10, ऑर्थो के 37, मेल मेडिकल के 10, फीमेल मेडिकल के 10 बेड मरीजों के लिए आरक्षित जो की फुल हो गए हैं। अन्य वार्डो की भी स्थिति यही है। प्रबंधन बेड बढ़ाने की तैयारियों में लग गया है।

**एक बेड पर दो-दो बच्चे भर्ती करने नौबत**

जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड भी फुल है। गुरुवार को बच्चा वार्ड के 26 बेड पर 27 बच्चों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। रोजाना 10 से 12 नये मरीज भर्ती होने के लिए पहुंच रहे हैं जबकि स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने वाले बच्चों की संख्या कम है। सर्वाधिक बच्चे बुखार और डायरिया की चपेट में आ रहे हैं।

**सर्वाधिक सांस, डायरिया और बुखार के मरीज**

इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. शैलेष रंजन के अनुसार 15 दिनों से इमरजेंसी वार्ड में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। तीन दिन में 120 से अधिक मरीज आए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद संबंधित वार्डों में शिफ्ट कराया गया है। इन मरीजों में गंभीर सांस, डायरिया और बुखार के रोगियों की संख्या अधिक है।

**भीषण गर्मी में हालात होंगे खराब**

गर्मी की शुरूआत है। अभी से बेड फुल हो गए हैं। मई-जून से भीषण गर्मी की संभावना मौसम विभाग जता रहा हैं। तब मरीजों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ सकती है। अभी जैसे हालात है उससे लगता है कि जिला अस्पताल प्रबंधन को मरीजों को भर्ती करने में भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है।

**एल्डर्ली वार्ड हो रहा तैयार, बढ़ाए जाएंगे बेड**

जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि मरीजों की बढ़ती संख्या के चलते अतिरिक्त बेड तैयार करा लिए गए हैं। एल्डर्ली समेत अन्य वार्डों में मरीजों को भर्ती करने के लिए बेड डलवाने के साथ ही अन्य संसाधन भी शुक्रवार तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। मरीजों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट, संगठनात्मक विषयों पर हुआ मंथन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने आज बरेली पहुंचकर पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार से उनके आवास पर मुलाकात की। यह भेंट पूरी तरह शिष्टाचार भेंट रही, लेकिन राजनीतिक हलकों में इसे आगामी चुनावों और संगठनात्मक रणनीतियों से जोड़कर देखा जा रहा है।



भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय नेतृत्व के बीच इस मुलाकात को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्वतंत्र देव सिंह और संतोष गंगवार, दोनों ही पार्टी के अनुभवी चेहरे हैं और संगठन को जमीनी स्तर से मजबूत करने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**संक्षिप्त नहीं, सारगर्भित भेंट**

भगवा सूत्रों के अनुसार, यह बैठक औपचारिक भले ही रही हो, लेकिन इसके दौरान आगामी चुनावी तैयारियों, बरेली की राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की जमीनी पकड़ और कार्यकताओं की भूमिका जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई।

ज्ञात हो कि संतोष गंगवार कई बार बरेली से सांसद रह चुके हैं और केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालयों का दायित्व संभाल चुके हैं। वहीं, स्वतंत्र देव सिंह उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके हैं और प्रदेश संगठन के संचालन में उनका विशेष अनुभव रहा है।

**भाजपा की रणनीति में पुराने नेताओं की अहम भूमिका**

इस मुलाकात को भाजपा की आगामी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें अनुभवी नेताओं को पुनः संगठनात्मक जिम्मेदारियों में सक्रिय करने की योजना शामिल हो सकती है। बरेली एक संवेदनशील और रणनीतिक दृष्टि से अहम संसदीय क्षेत्र है, जहां पार्टी पुराने चेहरों और युवा नेतृत्व के संतुलन को साधने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

**स्थानीय कार्यकताओं में उत्साह**

स्वतंत्र देव सिंह के आगमन और गंगवार से मुलाकात को लेकर भाजपा के स्थानीय कार्यकताओं में उत्साह देखा गया। बरेली के तमाम नेता एक साथ दिखे मुलाकात के दौरान यह भेंट संगठन की एकजुटता और सामंजस्य का संकेत भी मानी जा रही है।

# पश्चिम बंगाल की सरकार को राष्ट्रपति तत्काल बर्खास्त करें : पंडित सुशील पाठक

### - गृह मंत्री से कड़ा एक्शन लेने की अपील

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। साईं मंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक ने पश्चिम बंगाल के मुशीर्दाबाद और दिल्ली के सीलमपुर में हुई हालिया हत्याओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इन घटनाओं को बड़ी "साज़िश" का हिस्सा बताते हुए केंद्र सरकार से पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माँग की है।



**मुशीर्दाबाद और सीलमपुर झ एक जैसी घटनाएं, एक जैसी मानसिकता?**

पंडित सुशील पाठक ने कहा कि चाहे बात पश्चिम बंगाल के मुशीर्दाबाद में बाप-बेटे की हत्या हो या दिल्ली के सीलमपुर में दूध लेने जा रहे मासूम की झ ये दोनो घटनाएं किसी भी तरह से सामान्य नहीं कही जा सकतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये एक सुनियोजित चाल है। ताकि अल्पसंख्यक इलाकों में रहने वाले हिंदुओं को डराया जा सके।

सुशील पाठक ने कहा कि "सीलमपुर में जो हुआ, वो सिर्फ एक बच्चे की हत्या नहीं थी। वो समस्त हिंदुओं के लिए एक संदेश था। मुशीर्दाबाद में जो बाप-बेटे के साथ हुआ, वो उसी पैटर्न का हिस्सा है।"

**जनसंख्या संतुलन और निशाने पर हिंदू समुदाय**

पाठक ने बताया कि इन इलाकों में मुसलमान आबादी ज्यादा है। हिंदू अल्पसंख्यक हैं। ऐसे में वहाँ रहने वाले हिंदू खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "जहाँ हिंदू कम और मुसलमान ज्यादा हैं, वहाँ टारगेट करके हत्याएं की जा रही हैं। ये बहुत चिंता की बात है।"

उन्होंने इन घटनाओं को "धार्मिक असंतुलन से उपजा हिंसक माहौल" बताया और कहा कि यदि अभी भी सरकार ने कदम नहीं उठाया तो ये आग और जगह फैल सकती है।

**गृह मंत्री से कड़ा एक्शन लेने की अपील**

पंडित सुशील पाठक ने गृह मंत्री अमित शाह से अपील की कि ऐसे इलाकों में तत्काल सख्त कदम उठाए जाएं। कहा कि "अगर जरूरत हो तो राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और राज्य सरकार को बर्खास्त किया जाए। उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे सरकार ने कश्मीर में आतंक की कमर तोड़ी,'। वैसे ही इन इलाकों में भी कड़ा एक्शन लेना जरूरी है।

**धार्मिक सौहार्द बनाम राजनीतिक चुप्पी**

पाठक ने यह भी कहा कि "हर मुसलमान गलत नहीं है। कई जगहों पर हिंदू-मुस्लिम भाईचारे से रहते हैं। लेकिन जहाँ साजिश के तहत एक ही धर्म के लोगों को टारगेट किया जा रहा है, वहाँ चुप्पी साधना राष्ट्रहित के खिलाफ है।" पाठक ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वोट बैंक के डर से वे इन मुद्दों पर बोलने से बच रहे हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ती जा रही है।

**अब क्या केंद्र सरकार उठाएगी ठोस कदम?**

इन बयानों के बाद देशभर में चर्चा तेज हो गई है कि क्या केंद्र सरकार इन इलाकों में सख्ती से कानून लागू करेगी? क्या राष्ट्रपति शासन जैसी सख्त कार्रवाई अब जरूरी हो गई है? और सबसे बड़ा सवाल झ क्या हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर कोई पॉलिसी बदलेगी या ये मुद्दा सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहेगा? अब नजरें गृह मंत्रालय पर टिकी हैं, कि वो इन अपीलों को कितना गंभीरता से लेते हैं।

# जीरो पोवर्टी: 11 लाभार्थियों को अंत्योदय व 04 पात्रों को राशन कार्ड वितरित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज बरेली की तहसील फरीदपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन हुआ। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक हो। निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ता को समय से दी जाए। कोई शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो उस शिकायत का निस्तारण अधिकारी अपनी मनमर्जी से न करें।



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने तहसील फरीदपुर में संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर उनके ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में सरकारी रोड पर कब्जा, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई। गांव लौंगपुर की महिला शिकायतकर्ता ने गांव के दबंगो द्वारा जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने तहसीलदार फरीदपुर और एसएचओ को तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक आवेदक ने कहा कि उसके घर के आगे सार्वजनिक रास्ता है। जिस पर गांव के दबंगो ने सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा कर लिया है। डीएम ने तहसीलदार फरीदपुर और एसएचओ भुता को जांच कर कार्यवाही करने को कहा।

आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण को लेकर डीएम सख्त

सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील फरीदपुर से आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गयी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को चार या उससे अधिक शिकायत वाले गांव का भ्रमण कर शिकायत का शत प्रतिशत निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। डीएम ने कहा कि आईजीआरएस में जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाए। उससे फोन पर वार्ता कर यह भी जानकारी ली जाये कि निस्तारण से वह संतुष्ट है या नहीं। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गए जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टालों का भी अवलोकन किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जीरो पोवर्टी अभियान के तहत चयनित 11 नए लाभार्थियों को अंत्योदय व 04 पात्र गृहस्थी को राशन कार्ड वितरित किए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विश्राम सिंह, डीडीओ दिनेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी फरीदपुर मलिका नयन, तहसीलदार फरीदपुर सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# ऑनलाइन ऑर्डर की कच्ची मूंगफली... पैकेट खोला तो निकल रहे थे कीड़े !

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। इन दिनों ग्रोसरी ऑनलाइन मंगाने का चलन ज्यादा बढ़ गया है। कई ऑनलाइन ग्रोसरी डिलीवरी कंपनियां लुभावने ऑफर भी देती हैं। जिसकी वजह से लोगों को इसका चस्का लग गया है, वहीं घर बैठे जरूरत भी पूरी हो रही है। मगर ग्राहक खुदको ठगा उस वक्त महसूस करता है जब नामी कंपनियों के पैकेटबंद खाद्य पदार्थ फफूंद मारते या सड़ी अवस्था में मिलते हैं। ऐसा ही कुछ हुआ मेरा हक फाउंडेश की अध्यक्ष फरहत नकवी के साथ।

मेरा हक फाउंडेशन की अध्यक्ष फरहत नकवी ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन ग्रोसरी डिलीवरी करने वाली एक कंपनी से कच्ची मूंगफली का पैकेट मंगाया था। जो मुंबई की एक कंपनी का है। शनिवार सुबह उन्होंने पैकेट खोला तो वह भी हैरान रह गईं। मूंगफली के दानों में फफूंद लगी हुई थी। अंदर कीड़े पड़ चुके थे। फरहत नकवी ने बताया कि ये लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है। लिहाजा इस मामले की शिकायत उपभोक्ता फोरम के अलावा खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से की है। फरहत नकवी के मुताबिक ऑनलाइन डिलीवरी करने वाली कंपनी का कोई हेल्पलाइन नंबर उन्हें नहीं मिला तो उन्होंने पैकेट बंद मूंगफली बेचने वाली मुंबई की कंपनी को कॉल किया। लेकिन कंपनी की तरफ से उन्हें किसी प्रकार का जवाब ठीक प्रकार से नहीं दिया गया।

# दयालपुर क्षेत्र में कल देर रात एक 5 मंजिला बिल्डिंग के आकसमिक रूप से ढह जाने से हुई मौतें चिंताजनक -- *दिल्ली भाजपा अध्यक्ष*

**समाज जागरण**
**मुख्य संवाददाता**

नई दिल्ली 19 अप्रैल : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मुस्तफाबाद विधानसभा के दयालपुर क्षेत्र में कल देर रात एक 5 मंजिला बिल्डिंग के आकसमिक रूप से ढह जाने पर गहरा दुख एवं चिंता प्रकट की है।



उन्होंने कहा है की मानवीय जीवन का इस तरह अंत होना दुखद है पर मुस्लिम बहुल इलाकों में ऐसे अनेक ज्वलंत बम खड़े हैं और दिल्ली नगर निगम को ऐसी पांचवी छठी मंजिल खाली करवा कर सील करने एवं तोड़ने का आदेश दें ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रूक सकें।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है सामान्यता हम दिल्ली के हिन्दू बहुल अधिकांश अप्रूव्ड इलाकों के साथ ही अनधिकृत कॉलोनियों में भी देखते हैं की लोग तीसरी मंजिल तक के मकान बनाते रहे हैं। इन दिनों कुछ क्षेत्रों में चौथी मंजिल भी डाली जाती हैं पर चलन कम है।

सचदेवा ने कहा है की आज दयालपुर में जो हादसा हुआ ऐसे ना जाने कितने हादसे दिल्ली के मुस्तफाबाद, करावल नगर, सीलमपुर, ओखला, मटिया महल, बल्लीमारन, सदर बाजार आदि विधानसभा क्षेत्रों में खड़े हैं।

उन्होंने कहा है की गत 10 साल में इन मुस्लिम बहुल विधानसभाओं से जो आम आदमी पार्टी के विधायक एवं पार्षद चुने गये उन्होने अपने वोट बैंक एवं आय दोनों को बढ़ाने के लिए अपने राजनीतिक सहयोगियों को आगे कर चौथी, पांचवी एवं छठी मंजिल बनावा कर उसमे छोटे छोटे किरायेदारों को बसाया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली नगर निगम आयुक्त को तुरंत मुस्तफाबाद, करावल नगर, सीलमपुर, ओखला, मटिया महल, बल्लीमारन, सदर बाजार जैसे क्षेत्रों में चौथी मंजिल से ऊपर की मंजिल के मकानों और खस्ता खतरनाक मकानों का सर्वे करवा कर उन पर कार्यवाई के आदेश देने चाहिए।

# भगवान वाल्मीकि धाम का होगा भव्य शिलान्यास - अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी

## खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर में भगवान वाल्मीकि धाम - घनश्याम गुप्ता जावेरी

**समाज जागरण**
**मुख्य संवाददाता**

दिल्ली: भगवान वाल्मिकी धाम को बनाने वाले वाल्मीकि समाज नहीं अपितु अन्य जाति के व्यक्ति खाटू श्याम दिल्ली धाम के ट्रस्टी हैं जिनकी सोच से होगी सर्व समाज की स्थापना और सनातन में आएगी जागृति, हिंदू होगा एक और जल्द ही भारत बनेगा विश्व गुरु, यह कहना है खाटू श्याम दिल्ली धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी का जिन्होंने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए बताया कि खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर में भगवान वाल्मीकि धाम का शिलान्यास होने जा रहा है, घनश्याम गुप्ता ने आगे बताया कि खाटू श्याम दिल्ली धाम भारत की राजधानी दिल्ली में एक लाख गज भूमि में बनने वाला श्याम बाबा का धाम जहाँ बन रहे है 36 धाम 36 घाट जिसे लोग दुनिया का आठवां अजूबा भी कहते है इसमें प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से 40 लाख लोग जुड़े है, इसे अखण्ड मिनी भारत भी कहा जा सकता है। आज पूरे विश्व में कहीं भी किसी भी मंदिर में ऐसा यश आपको देखने को नहीं मिलेगा, यह मंदिर ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति




और सनातन धर्म का सबसे बड़ा केंद्र बिंदु बन रहा है। खाटू श्याम दिल्ली धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी ने बताया कि यहाँ बनने वाले 36 धामो में से एक धाम भगवान वाल्मीकि धाम जिसका शिलान्यास 20 अप्रैल 2025 को माननीय बी. एल. संतोष राष्ट्रीय संगठन महामंत्री भाजपा के द्वारा अपार जनसमूह के मध्य किया जायेगा, जो पूरे भारत का आकर्षण होगा। धर्म और सनातन भारतीय संस्कृति के संगम को दशार्ता विशाल भगवान वाल्मीकि धाम चारों दिशाओं से खुला है जो दो प्रतिमाओं से सुज्जाजित होगा, वाल्मीकि धाम का 60 प्रतिशत कार्य सम्पन्न हो चुका है भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा के साथ साथ यहाँ भगवान राम दरबार के साथ लव कुश की प्रतिमा भी रहेगी साथ ही एक ही परिसर में वाल्मीकि धाम, अयोध्या धाम, गुरुद्वारा धाम, महावीर स्वामी धाम ० गौतम बुद्ध धाम बने है। घनश्याम गुप्ता जावेरी ने करनैल सिंह, एस. के. बोथरा, एस. एस. अग्रवाल, सुनील सिंह , हंसराज रल्हन, राजेंद्र गर्ग, विनय सिंघल के अनुकरणीय योगदान की प्रशंसा के साथ बताया कि वाल्मिकी धाम का शिलान्यास आयोजन बहुत ही भव्य और विशाल होगा। इस अवसर पर सभी ट्रस्टी जिसमे राष्ट्रीय महामंत्री संजीव मित्तल, रमेश गुप्ता, पवन सिंघल और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मधु गोयल, नवीन गर्ग, अनिल गुप्ता शामिल होंगे, सभी का मानना है कि यह मंदिर सोच से परे -लाखो व्यक्तियो का संगठन है जो दुनिया में पहली बार सनातन के बढ़ते कदम और आगे ले जायेगा।

# आगजनी से किसानों के हुए नुकसान की राज्य व केंद्र सरकार तुरंत मुआवजा दे. लखविंदर सिंह औलल

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,19 अप्रैल :-आगजनी से सिरसा जिले में किसानों की गेहूं व अन्य फसलों के हुए नुकसान की भरपाई को लेकर भारतीय किसान एकता (बीकेई) ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व सिरसा लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा को ज्ञापन भेजा है। बीकेई प्रदेश अध्यक्ष लखविंद्र सिंह औलख ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पकी हुई फसलों में आगजनी से काफी नुकसान हो रहा है, जिसका मुख्य कारण बिजली निगम की लापरवाही है। उन्होंने बताया कि खेतों से गुजरने वाली अधिकतर बिजली की लाइन की मरम्मत होने वाली है। कई जगह पर बिजली की तारें जमीन को छू रही है। कुछ दिन पहले सिरसा जिले के गांव कंवरपुरा में फसल कटाई कर रही कम्बाइन में तारों के कारण आग लग गई, जिससे एक किसान की मौत हो गई। सिरसा जिले में मोरीवाला से व रसूलपुर, भंगू व साहुवाला में खेतों के बीच फैक्ट्रियां लगी हुई हैं, जिनको 24 घंटे बिजली की सप्लाई दी जाती है। उन्हीं के कारण ही कई बार स्पार्किंग की वजह से आगजनी की घटनाएं हुई है। बीते दिवस भी हरियाणा के कई जिलों में आगजनी



से पकी हुई फसल आग की भेंट चढकर बर्बाद हो गई। सिरसा जिले में भी रूपाणा, लुदेसर, भंगू, दड़बा, सुचान, सिकन्दरपुर सहित कई गांवों की सैकड़ों एकड़ पकी हुई फसल आगजनी से बर्बाद गई। टीम बीकेई जब आगजनी प्रभावित गांव रूपाणा में पहुंची तो नष्ट फसलों को देखकर किसानों के लिए करूणा के आंसू बह निकले। उन्होंने बताया कि बहुत से किसानों ने ठेके पर जमीन ली हुई थी, ऐसे में उनके सामने खाने के लिए गेहूं के साथ-साथ पशुओं के लिए तूड़ी की भी समस्या हो गई है। यहां तक की कई किसानों के खेतों में लगे सोलर सिस्टम भी आग की भेंट चढ़ गए। औलख ने सीएम व सांसद से अपील की कि बर्बाद हुई फसल का मुआवजा अति शीघ्र जारी किया जाए, ताकि किसान खरीफ की फसल की बिजाई कर सके। वहीं टीम बीकेई ने पीड़ित किसानों की मदद के लिए ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सहानुभूति के लिए इनकी जो संभव हो सके, मदद करें। उनके साथ रुपाणा गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुभाष बैनीवाल, रूपावास के सरपंच उदयपाल ढिल्लो, किसान नेता प्रकाश ममेरां, दीवान सहारन, बलराम सहारन, संदीप कासनियां, गुरपिंदर काहलो, जगदीश चाडीवाल, रोहतास पूनिया, पवन रॉड सहित कई गांवों की किसान मौजूद रहे। भारतीय किसान एकता बीकेई प्रदेश अध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख व अन्य।

# ब्रह्मपुरा ने छात्रा हरसिमरत कौर रंधावा के पार्थिव शरीर को कनाडा से वापस लाने के लिए विदेश मंत्री को पत्र लिखा

**रघुनंदन पराशर जैतो**
**समाज जागरण**

जैतो, 19 अप्रैल : शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने कनाडा में हुए दुखद हादसे में जान गंवाने वाली खडूर साहिब के गांव धूमा की 21 वर्षीय छात्रा हरसिमरत कौर रंधावा के परिवार के साथ गहरा दुख व्यक्त किया है। हैमिल्टन, ओंटारियो स्थित मोहॉक कॉलेज की छात्रा हरसिमरत कौर की एक अज्ञात हमलावर ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी, जब वह काम पर जाते समय बस स्टॉप पर बस का इंतजार कर रही थी।पूर्व विधायक रविन्द्र सिंह ब्रह्मपुरा ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना से पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया है। उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर हरसिमरत कौर रंधावा के पार्थिव शरीर को तत्काल भारत वापस लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार अपनी बेटी हरसिमरत का अंतिम संस्कार अपनी परंपराओं के अनुसार उसके पैतृक गांव धूमदान, खडूर साहिब में करना



चाहता है। ब्रह्मपुरा ने अपने पत्र में विदेश मंत्री से अनुरोध किया है कि वे कनाडा के संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर हरसिमरत के शव को भारत लाने के लिए तुरंत कार्रवाई करें तथा उन्होंने यह भी पुरजोर मांग की है कि भारत सरकार इस मामले को कनाडा सरकार के समक्ष उच्चतम स्तर पर उठाए ताकि इस जघन्य अपराध के दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके। ब्रह्मपुरा ने परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत दुखद समय है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने और हरसिमरत के पार्थिव शरीर को वापस लाने में मदद करने की मांग की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विदेश मंत्री पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करेंगे तथा युवा छात्र के लिए न्याय सुनिश्चित करेंगे।

# हजरत अमीर खुसरो के 721 वें उर्स मुबारक पर दिखा रुहानी माहौल

**समाज जागरण**
**मुख्य संवाददाता**

नई दिल्ली। हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहजीब और सूफी परंपरा की झलक एक बार फिर देखने को मिली जब हजरत अमीर खुसरो रहमतुल्लाह अलैह के 721 वें उर्स मुबारक के मौके पर दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया के प्रांगण में एक विशाल और रूहानी माहौल कायम हुआ। यह अवसर न केवल एक धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि भाईचारे, मेल-जोल और सौहार्द का भी प्रतीक बना।



इस पावन मौके पर देशभर के विभिन्न राज्यों से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में जायरीन दरगाह शरीफ पहुंचे और हजरत अमीर खुसरो की बारगाह में हाजिरी दी। हर धर्म, जाति और समुदाय के लोगों ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ उर्स मुबारक में शिरकत की और अपनी मन्नतें मांगी।

दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया के चीफ इंचार्ज सैयद काशिफ अली निजामी ने बताया कि बीते वर्षों की तरह इस बार भी उर्स में देश-विदेश से आने वाले जायरीन की मौजूदगी ने यह साबित कर दिया कि सूफी संतों की मोहब्बत और इंसानियत की तालीम आज भी लोगों के दिलों में ज़िंदा है। उन्होंने बताया कि हजरत अमीर खुसरो, हजरत निजामुद्दीन औलिया के खास शागिर्द थे और उनका उर्स भी उतनी ही अकीदत के साथ मनाया जाता है।

इस मौके पर फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी ने कहा कि उर्स के दौरान जो आपसी एकता और सौहार्द का माहौल देखने को मिलता है, वह नफरत फैलाने वाली ताकतों के लिए करारा जवाब है। हर साल की तरह इस साल भी सभी धर्मों के लोगों ने दरगाह पहुंचकर देश में अमन-शांति और तरक्की के लिए दुआएं मांगीं।

दरगाह कमेटी की तरफ से सभी जायरीन के लिए लंगर की विशेष व्यवस्था की गई थी। उर्स के दौरान हर वर्ग और समुदाय के लोग मिल-जुल कर एक ही दस्तरख़्वान पर बैठे, जो इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि सूफी परंपरा ने हमेशा इंसानियत को ऊपर रखा है।इस मौके पर दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन जाकिर खान, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व बीएसपी नेता चौधरी वकार, सीनियर जर्नलिस्ट मुस्तकीम खान, कांग्रेस नेता अलीम अंसारी, शिरोमणि अकाली दल दिल्ली विंग के उपाध्यक्ष अमनजीत सिंह, मोहम्मद इलियास, फेस ग्रुप के मैनेजर डॉ. बिलाल अंसारी, नौशाद बेगम, शाकिर अंसारी, जावेद सिद्दीकी, नूर मौहम्मद राजा, चौधरी मुमताज अली चिश्ती, मौहम्मद एहसान, मोहम्मद आबिद, सोशल एक्टिविस्ट गयासुद्दीन सोलंकी, डॉक्टर रेहाना समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दस्तक द्वारा समाज के वंचित बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में दस्तक देते हुए पूर्ण हुए 25 साल

**समाज जागरण**
**मुख्य संवाददाता**

बोधिसत्व भारत रत्न बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 135 में जन्मोत्सव व दस्तक के रजत जयंती समारोह पर "आज की शाम बाबा साहब के नाम" एवं दस्तक प्रतिभा पुरस्कार समारोह का आयोजन दिल्ली के कात्यायनी ऑडिटोरियम में किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि रहे रविंद्र सिंह (इंद्राज) मंत्री समाज कल्याण दिल्ली सरकार, विशेष अतिथि थे अनिल प्रथम पूर्व डीजीपी गुजरात, अध्यक्ष थे अनूप गुप्ता न्यासी सचिव, सोहन सिंह सेवा न्यास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन बाबा साहब और गौतम बुद्ध की तस्वीर पर पुष्प चढ़ा कर अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष एन के संत , दीपक इसरानी, कुंती देवी, रेनू संगत, मंजू कुमारी मनोज सोलानी व अन्य सदस्यों ने किया।



समारोह में दसवीं कक्षा में अच्छे अंक लाने वाले पांच बच्चों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया दो बच्चों को 11-1100 का अतिरिक्त पुरस्कार स्वर्गीय ओम प्रकाश कोहली के परिवार की तरफ से दिया गया प्राथमिक विद्यालय के तीन बच्चों को भी कक्षा पंचम में अच्छे अंक लाने पर सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि रविंद्र सिंह ने सभी को बाबा साहब को पढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनके विचार बताएं कहा कि जो निष्क्रिय है वही दलित है जो सक्रिय है वह दलित नहीं है। ज्ञान ही सफलता की कुंजी है। वही गुजरात के पूर्व डीजीपी अनिल प्रथम ने शिक्षा को जरूरी बताया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान और बौद्ध व बाबा साहब के नमन के साथ हुआ।

# भाजपा नेता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल द्वारा आई.एस.आई. प्रेरित आतंकवादियों को करारा जवाब

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,19 अप्रैल :राष्ट्रीय भाजपा नेता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल ने पाकिस्तान प्रेरित आतंकियों हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया, हरविंदर रिंदा, अर्श डल्ला और गुरदेव के विरुद्ध तीखा बयान जारी किया है। ग्रेवाल को इन क्रक-समर्थित आतंकियों की ओर से एक गंदी, अश्लील और सीधी मौत की धमकी भरी ईमेल भेजी गई। यह ईमेल केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि जानबूझ कर भारत और अंतरराष्ट्रीय मीडिया को भी भेजी गई – जो कि एक डरपोक और कायराना हरकत है।ग्रेवाल ने कहा, ह्लइन्हें लगता है कि ये मुझे धमकियों से डरा लेंगे? ये आई.एस.आई. के इशारे पर नाचने वाले आतंकी – हैप्पी पासिया, रिंदा, डल्ला और गुरदेव – लिखित में मुझे कत्ल करने की धमकी दे रहे हैं और मीडिया को भी कॉपी कर रहे हैं? मैं साफ कर देना चाहता हूं – न मैं डरने वाला हूं, न चुप रहने वाला, न ही रुकने वाला। मैं सिर्फ भाजपा का नहीं, भारत माता का सिपाही हूं। इन जैसे लोगों से डरना मेरे खून में नहीं है। मैं कानून, प्रणाली और अपनी पूरी ताकत से लड़ूंगा।ह्लयह धमकी भरी ईमेल 13 सितंबर 2023 को सुबह 8:47:11 **IST** पर **happykhali@keemail.me** से भेजी गई थी। यह ईमेल निम्नलिखित मीडिया हाउसेज को भी भेजी गई : सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल **bjpspsgrewal@gmail.com**

- लुधियाना लाइव न्यूज – **ludhianalivenews@gmail.com**
- मोहसिन रजा, अफ डिजिटल – **mohsinraza@arydigital.tv**
- मोहम्मद आसिफ, इंडिया टुडे – **mohammad.asif@intoday.com**
- सौरभ द्विवेदी, लल्लनटॉप – **saurabh.dwivedi@lallantop.com**

इस ईमेल में आतंकियों ने ग्रेवाल की हत्या की साजिश को साफ-साफ धमकी के रूप में दशार्या और भाजपा, आरएसएस तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ गालियां दी गईं। ग्रेवाल को खालिस्तानियों द्वारा कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35अ हटाने के समर्थन के कारण निशाना बनाया जा रहा है।

ग्रेवाल ने पंजाब के डीजीपी गौरव यादव और केंद्रीय एजेंसियों से हैप्पी पासिया से इस मामले की तत्काल और गंभीर जांच की मांग की है। ग्रेवाल ने कहा, ह्लयह सिर्फ



ईमेल नहीं, यह एक खुला इकरारनामा है। इन आतंकियों ने स्वयं अपने उद्देश्य स्पष्ट कर दिए हैं। अब कोई बहाना नहीं – सक्रिय कार्रवाई चाहिए।ह्लग्रेवाल ने अमेरिका, एफबीआई और एफ्ड सैक्रामेंटो का धन्यवाद किया, जिन्होंने 17 अप्रैल 2025 को गैंगस्टर-आतंकी हैप्पी पासिया को गिरफ्तार किया। ह्लभारतीय और अमेरिकी एजेंसियों के सहयोग से यह क्रकका पालतू अब सलाखों के पीछे है। उन्होंने कहा कि यह रिंदा का दाहिना हाथ था और चंडीगढ़, अमृतसर, गुरदासपुर और लुधियाना कोर्ट धमाकों के पीछे था।ह्लग्रेवाल ने कहा कि 2023 से 2025 तक, इसने पंजाब में टारगेट किलिंग, वसूली और धमाकों की पूरी अगुवाई की। उन्होंने कहा कि अब यह अमेरिका की हिरासत में है, मैं इससे पूरी पूछताछ और भारत को प्रत्यर्पण की मांग करता हूं।ह्ल उन्होंने कहा, ह्लहमारी सुरक्षा एजेंसियों, खासकर पंजाब पुलिस, आई.एन.ए. और क्ह, को काफी सख्त रुख अपनाना होगा।ह्लग्रेवाल ने कहा कि मेरी जान को खतरा हो सकता है, पर मेरा हौसला अटल है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका के देवलोकगमन पर स्थानीय सेवाकेंद्र पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पण किया जायेगा

**दैनिक समाज जागरण,( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 19 अप्रैल। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका के देवलोकगमन पर 20 अप्रैल रविवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय सेवाकेंद्र पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पण किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि 8 अप्रैल को 101 वर्ष की आयु मे उन्होंने मुख्यालय माउन्ट आबू मे भौतिक शरीर को त्याग अव्यक्त अवस्था को प्राप्त किया था। ये जानकारी आज बहल केंद्र संचालिका राजयोगिनी बी के शकुंतला नें प्रेस को दी।



# चिंगारी भड़कने से लगी आग कई एकड़ भूसा जलकर हुआ राख

कालांवाली 19 अप्रैल (सुरेश जोरासिया) गेंहू कटाई का सीजन चल रहा है। किसान खराब मौसम के चलते अपनी गेंहू की फसल की कटाई मे लगे हुऐ है। गेंहू की कटाई के बाद मवेशीयों के लिए चारा बनने का कार्य भी जोरो से चल रहा है। खेत मे चारा बनने के लिए मशीन चल रही थी और तेज गर्मी व घर्षण के कारण चिंगारी भड़क गई जिससे खलियान मे 2.5 एकड़ चारा जलकर राख हो गया। खेत के मालिक जीवन सिंह पुत्र अजमेर सिंह किंगारा कालांवाली व पास के गांव जगमालवाली के कर्मतेज सिंह पुत्र नछतर सिंह के खेत मे भी 2.5 एकड़ भूसा जलकर राख हो गया। ऐसी घटना हुई दोनो जगह पर एक जैसी घटना हुई। ग्रामीणों ने बताया कि यह घटना चारा बनाने वाली मशीन के घर्षण के कारण भूसे को आग लग गई' आग सवां दो एकड़ मे लगी। उन्होने ने बताया कि आग लगने पर दमकल विभाग को सुचना दी और वह लगभग 1.30 घंटे के बाद दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची। 112 पर फोन करके सूचना दि गई। यातायात प्रभारी भूप सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे। दमकल विभाग की गाड़ी आने से पहले ग्रामीणो ने अपने स्तर पर आग पर काबू पा लिया जिससे कोई अप्रिय घटना नही हुई।



**ग्रामीणों मे आक्रोश**

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर नाराजगी जताते हुऐ कहा कि खेत मे आग ने पर ग्रामवासी आग पर काबू पाने के लिए खेत की और दौड़े जा रहे थे। वही पुलिस प्रशासन ग्रामीणों के चालान काटने को उतारू हो रहे थे। पुलिस को ज्ञात होना चाहिए? कि आग पर काबू पाना जरूरी है या चालान काटना है? ज्यादा लोगो के इक्त्रित होने के बाद लोगो को जाने दिया गया। इस बात को लेकर ग्रामीणों मे प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी गई।

# युवा भाजपा नेता भाई मोहित चौधरी ने विभिन्न गांवों का दौरा कर भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की दी जानकारी

## चौतरफा समान विकास के लिए प्रतिबद्ध है केंद्र और प्रदेश सरकार : मोहित चौधरी

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-चरखी दादरी, 19 अप्रैल । लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह के सुपुत्र एवं युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी ने शनिवार को चरखी दादरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में धन्यवादी दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए पार्टी की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की।

ग्रामीण जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सासंद चौधरी धर्मबीर सिंह के सुपुत्र एवं युवा भाजपा नेता भाई मोहित चौधरी ने आज गांव अटेला कलां, अटेला नया,डोहका मौजी एवं दीना, डूडीवाला किशनपुरा व नंदकरण, डॉहकी, अख्तियारपुरा, पैंतावास कलां व खुर्द ,का दौरा किया। युवा भाजपा नेता भाई मोहित चौधरी का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं एवं पगड़ी पहनाकर



गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों और केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि पार्टी ना केवल विकास के प्रति प्रतिबद्ध है, बल्कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान करना भी उसकी पहली प्राथमिकता है। दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए बिजली, पानी, सडक, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास ही उनके प्रयासों का केंद्र बिंदु है। इस अवसर पर विभिन्न गांवों के सरपंच,पंचायत प्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के अनेक प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अभाव व अपमान में भी बाबा साहब ने बनाया रास्ता: योगी

गोरखपुर, 19 अप्रैलः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबडेकर ने अभाव व अपमान में रास्ता बनाया और सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए पूरे देश को सम्मान दिलाया। बाबा साहब के कारण ही बिना भेदभाव हर व्यक्ति को समान मताधिकार के उपयोग की स्वतंत्रता प्राप्त हुई। विकसित और आधुनिक लोकतंत्र के अनेक अग्रणी देश हैं, जिन्होंने अश्वेतों व महिलाओं को मत देने का अधिकार बहुत बाद में दिया, लेकिन भारत ने संविधान निर्माण के साथ ही 1952 के पहले आम चुनाव में ही एससी/एसटी, अतिपिछड़ी व महिलाओं को मत देने का अधिकार दे दिया था। यह बाबा साहब की कलम से ही संभव हो पाया। देश को एकता के सूत्र में बांधने का श्रेय बाबा साहब को ही जाता है।

### पं. नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबा साहब को पद मिले

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने मेहनत के साथ संविधान तैयार कराया, लेकिन जब कांग्रेस ने संशोधन में संशोधन प्रारंभ किए तो वे उद्वेलित हुए। कांग्रेस बाबा साहब को संविधान सभा में जाने नहीं देना चाहती थी, लेकिन लोकप्रियता व भारत मां की प्रतिबद्धता के कारण वे संविधान सभा के सदस्य बने। फिर उन्हें ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। पं. नेहरू नहीं चाहते थे कि उन्हें यह पद मिले। इसके लिए काफी षडयंत्र भी किया। बाबा साहब ने अपनी योग्यता व क्षमता से ऐसा संविधान दिया, जो भारत को सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित करने का गौरव दिलाता है। एससी-एसटी के छात्रों को सौ फीसदी छात्रवृत्ति मिले, इस वर्ग के नागरिकों को नौकरियों में आरक्षण मिले, एससी-एसटी व अन्य वंचितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक स्थान प्राप्त हो, यह बाबा साहब की देन है।

### बाबा साहब की विद्वता से घबराई थी कांग्रेस, इसलिए उनके मार्ग में खड़ा करती थी बाधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व सपा लगातार प्रयास करती रही, जिसके कारण समाज में विद्वेष,अराजकता पैदा होता रहे। कांग्रेस ने 1952 में बाबा साहब को चुनाव नहीं जीतने दिया। उन्हें हराने वाले को पद्म पुरस्कार दिया। 1954 उपचुनाव में कांग्रेस ने उनके निजी सहायक को ही उनके खिलाफ चुनाव लड़ाया, बाबा साहब फिर हार गए। जब हिंदू महासभा के एक सदस्य ने पुणे की सीट छोड़ी, तब बाबा साहब संसद में जा पाए। कांग्रेस उनकी कर्मठता, विद्वता, एससी-एसटी व देश के प्रति प्रतिबद्धता से घबराई थी, इसलिए पग-पग पर उनके मार्ग में बाधा खड़ा करती थी। राहुल गांधी संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं तो आश्चर्य होता है कि यह वही लोग हैं, जिन्होंने डॉ. आंबेडकर का अपमान किया।